शनिवार, 30 अगस्त 2025

विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

www.samagya.in

# समाज्ञा

कोलकाता, भाद्रपद शुक्लपक्ष सप्तमी, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

**मौसम**

| | |
|---|---|
| तापमान | 26 – 32 |
| आर्द्रता | 80% |
| सूर्योदयः 5:18 | सूर्यास्तः 17:57 |



भारत ने एशिया कप के पहले मैच में चीन को 4–3 से हराया पृष्ठ 6

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

सुविचार : इस जिंदगी की सबसे पहली जरूरत है आपका खुश रहना।

RED-X
B.W.P. PLY, BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555

# विश्व आर्थिक व्यवस्था में स्थिरता के लिए भारत-चीन का मिलकर काम करना महत्वपूर्णः प्रधानमंत्री मोदी



प्रधानमंत्री मोदी को जापान में मिला दरुमा गुड़िया का उपहार

**तोक्यो :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि भारत और चीन का मिलकर काम करना वैश्विक आर्थिक व्यवस्था में स्थिरता लाने के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने यह भी कहा कि भारत द्विपक्षीय संबंधों को रणनीतिक और दीर्घकालिक दृष्टिकोण से, आपसी सम्मान, हित और संवेदनशीलता के आधार पर आगे बढ़ाने के लिए तैयार है। जापान की यात्रा के दौरान 'द योमिउरी शिंबुन' को दिए एक साक्षात्कार में प्रधानमंत्री ने कहा कि दो पड़ोसी और विश्व के दो सबसे बड़े देश होने के नाते भारत और चीन के बीच स्थिर, पूर्वानुमानित और मैत्रीपूर्ण संबंध क्षेत्रीय और वैश्विक शांति एवं समृद्धि पर सकारात्मक प्रभाव डाल सकते हैं। चीन के साथ संबंधों में सुधार के महत्व पर पूछे गए सवाल पर मोदी ने कहा, राष्ट्रपति शी चिनफिंग के निमंत्रण पर मैं यहां से तियानजिन जाऊंगा, जहां मैं शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) शिखर सम्मेलन में भाग लूंगा। पिछले वर्ष कजान में राष्ट्रपति शी के साथ मेरी बैठक के बाद से हमारे द्विपक्षीय संबंधों में सतत और सकारात्मक प्रगति हुई है। उन्होंने कहा कि दो पड़ोसी और विश्व के दो सबसे बड़े राष्ट्रों के रूप में भारत और चीन के बीच स्थिर, पूर्वानुमानित और सौहार्दपूर्ण द्विपक्षीय संबंधों का क्षेत्रीय और वैश्विक शांति और समृद्धि पर सकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि यह एक बहुध्रुवीय एशिया और बहुध्रुवीय विश्व के लिए भी महत्वपूर्ण है। मोदी ने कहा, विश्व अर्थव्यवस्था में मौजूदा अस्थिरता को देखते हुए, भारत और चीन जैसी दो बड़ी अर्थव्यवस्थाओं का मिलकर काम करना आवश्यक है, ताकि वैश्विक आर्थिक व्यवस्था में स्थिरता लाई जा सके। उन्होंने कहा कि भारत आपसी सम्मान, हित और संवेदनशीलता के आधार पर द्विपक्षीय संबंधों को रणनीतिक और दीर्घकालिक दृष्टिकोण से आगे बढ़ाने के लिए और रणनीतिक संवाद को बढ़ाने हेतु तैयार है ताकि दोनों देशों की विकास संबंधी चुनौतियों को संबोधित किया जा सके।

## भारत–जापान मिलकर करेंगे चंद्रयान–5 मिशन

भारत और जापान ने शनिवार को चंद्रयान–5 मिशन के लिए कार्यान्वयन व्यवस्था पर हस्ताक्षर किए, जो दोनों देशों की अंतरिक्ष एजेंसियों द्वारा चंद्रमा के ध्रुवीय क्षेत्र का संयुक्त अन्वेषण है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की यहां यात्रा के दौरान भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) और जापान एयरोस्पेस एक्सप्लोरेशन एजेंसी (जेएएक्सए) के बीच संयुक्त चंद्र ध्रुवीय अन्वेषण मिशन के संबंध में कार्यान्वयन व्यवस्था पर हस्ताक्षर किए गए। चंद्रयान–5 मिशन का उद्देश्य चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव में स्थायी रूप से छायांकित क्षेत्र (पीएसआर) के आसपास के क्षेत्र में चंद्रमा के पानी समेत अस्थिर पदार्थों का अध्ययन करना है। इस मिशन को जाक्सा द्वारा अपने एच3–24एल प्रक्षेपण यान से प्रक्षेपित किया जाएगा, जिसमें इसरो निर्मित चंद्र लैंडर होगा, जो जापान निर्मित चंद्र रोवर को ले जाएगा।

## भारत और जापान ने रक्षा सहयोग बढ़ाने का संकल्प लिया

पूर्वी और दक्षिण चीन सागर में बीजिंग के बढ़ते शक्ति प्रदर्शन को देखते हुए भारत और जापान ने समकालीन सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए अपने रक्षा सहयोग को बढ़ाने के वास्ते शुक्रवार को एक व्यापक रूपरेखा पेश की। इस नयी रूपरेखा की घोषणा तोक्यो में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनके जापानी समकक्ष शिगेरू इशिबा के बीच हुई शिखर वार्ता के बाद की गई। वार्ता में दोनों देशों के बीच विशेष रणनीतिक और वैश्विक साझेदारी को महत्वपूर्ण रूप से विस्तारित करने पर ध्यान केंद्रित किया गया। रूपरेखा के तहत दोनों पक्षों ने वर्तमान और भावी सुरक्षा आवश्यकताओं के लिए सैन्य उपकरणों तथा प्रौद्योगिकी के सह–विकास एवं सह–उत्पादन की संभावनाएं खंगालने का भी संकल्प लिया। संयुक्त बयान के मुताबिक, वार्ता में मोदी और इशिबा ने कानून के शासन पर आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था को कायम रखने का संकल्प लिया तथा एक स्वतंत्र एवं खुले हिंद–प्रशांत क्षेत्र के प्रति अपनी दृढ़ प्रतिबद्धता दोहराई, जो शांतिपूर्ण, समृद्ध और लचीला हो।

## जापान अगले एक दशक में भारत में 10 हजार अरब येन का निवेश करेगा

जापान ने शुक्रवार को भारत में एक दशक में 10 हजार अरब येन (करीब 60,000 करोड़ रुपये) के निवेश का लक्ष्य रखा और दोनों पक्षों ने कई बड़े समझौतों पर हस्ताक्षर किए, जिनमें रक्षा संबंधों के लिए एक रूपरेखा और आर्थिक साझेदारी को बढ़ावा देने के लिए 10–वर्षीय खाका शामिल है। यह निर्णय व्यापार और शुल्क पर अमेरिकी ट्रंप प्रशासन की नीतियों के कारण आर्थिक उथल–पुथल के बीच लिया गया। भारत–जापान विशेष रणनीतिक और वैश्विक साझेदारी के विस्तार की घोषणाएं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनके जापानी समकक्ष शिगेरू इशिबा के बीच शिखर वार्ता के बाद की गईं।

## रूस के राष्ट्रपति पुतिन दिसंबर में भारत का दौरा करेंगे

**मॉस्को :** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन दिसंबर में भारत का दौरा करेंगे। रूसी सत्ता के केंद्र 'क्रेमलिन' के विदेश नीति सलाहकार यूरी उशाकोव ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उशाकोव ने कहा कि राष्ट्रपति पुतिन सोमवार को चीन के तियानजिन शहर में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) शिखर सम्मेलन से इतर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात करेंगे और अपनी भारत यात्रा की तैयारियों पर चर्चा करेंगे। उशाकोव ने पत्रकारों से कहा, एससीओ प्लस बैठक (एक सितंबर को) के ठीक बाद, हमारे राष्ट्रपति पुतिन भारतीय प्रधानमंत्री मोदी से मिलेंगे। उन्होंने कहा, विशेष रूप से महत्वपूर्ण बात यह है कि दिसंबर में राष्ट्रपति पुतिन की आगामी भारत यात्रा की तैयारियों पर चर्चा की जाएगी।

## रुपया रिकॉर्ड निचले स्तर पर बंद

**मुंबई :** भारत–अमेरिका व्यापार समझौते पर बढ़ते तनाव के बीच अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया शुक्रवार को पहली बार 88 के स्तर को पार कर गया। कारोबार के अंत में यह 51 पैसे की भारी गिरावट के साथ 88.09 प्रति डॉलर के अब तक के सबसे निचले स्तर पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि अमेरिका के भारी शुल्क लगाने, विदेशी पूंजी की निरंतर निकासी और महीने के आखिरी में डॉलर मांग से रुपया लगातार दबाव में है। इसके अलावा, घरेलू शेयर बाजारों में कमजोर रुख ने भी बाजार की धारणा को प्रभावित किया।

## तीन दिनों में निवेशकों की पूंजी 11.21 लाख करोड़ रुपये घटी

**नयी दिल्ली :** सतत बिकवाली के दबाव के चलते बाजार निवेशकों की संपत्ति तीन कारोबारी सत्रों में 11.21 लाख करोड़ रुपये घट चुकी है। इस अवधि में बीएसई सेंसेक्स में कुल 1,826 अंक की गिरावट आई है। पिछले तीन कारोबारी सत्रों में बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 1,826.26 अंक यानी 2.23 प्रतिशत गिर गया है। शुक्रवार को यह सूचकांक 270.92 अंक यानी 0.34 प्रतिशत टूटकर 79,809.65 पर बंद हुआ। गिरावट के इस दौर में बीएसई पर सूचीबद्ध कंपनियों का कुल बाजार पूंजीकरण 11,21,459.36 करोड़ रुपये घटकर 4,43,65,504.09 करोड़ रुपये (5.05 लाख करोड़ डॉलर) रह गया।

## अर्थव्यवस्था की रफ्तार उम्मीद से बेहतर, भारत की जीडीपी वृद्धि दर पहली तिमाही में 7.8 प्रतिशत

**नयी दिल्ली :** भारत की आर्थिक वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष की अप्रैल–जून तिमाही में उम्मीद से बेहतर 7.8 प्रतिशत रही। अमेरिका के भारी शुल्क लगाए जाने से पहले की पांच तिमाहियों में यह सबसे अधिक है। शुक्रवार को जारी सरकारी आंकड़ों के अनुसार, मुख्य रूप से कृषि क्षेत्र के अच्छे प्रदर्शन के कारण जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) वृद्धि दर उम्मीद से बेहतर रही। इसमें व्यापार, होटल, वित्तीय और रियल एस्टेट जैसी सेवाओं से भी मदद मिली। भारत सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था बना हुआ है, क्योंकि अप्रैल–जून में चीन की जीडीपी वृद्धि 5.2 प्रतिशत रही थी। जीडीपी निश्चित अवधि में देश की सीमा में उत्पादित वस्तुओं और सेवाओं के कुल मूल्य को बताता है। आंकड़ों के अनुसार, इससे पहले उच्चतम जीडीपी वृद्धि 2024 के जनवरी–मार्च में 8.4 प्रतिशत थी। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के आंकड़ों के अनुसार, कृषि क्षेत्र में 3.7 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई, जो 2024–25 की अप्रैल–जून तिमाही में 1.5 प्रतिशत थी। वित्त वर्ष 2025–26 की पहली तिमाही में विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि दर मामूली रूप से बढ़कर 7.7 प्रतिशत हो गई, जबकि एक साल पहले इसी तिमाही में यह 7.6 प्रतिशत थी।

# 'अमेरिका जैसी दीवार बनाना चाहते हो', अवैध प्रवासियों के मामले पर सुप्रीम कोर्ट का केंद्र सरकार से सवाल

**नयी दिल्ली :** अवैध प्रवासियों के मुद्दे पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से अहम सवाल किए हैं। शीर्ष कोर्ट ने शुक्रवार को केंद्र से सवाल किया कि क्या वह अवैध प्रवासियों की घुसपैठ रोकने के लिए भारतीय सीमा पर अमेरिका की तरह दीवार बनाना चाहती है। साथ ही अदालत ने पूछा है कि क्या केंद्र ने अवैध प्रवासियों की पहचान करने और उन्हें वापस भेजने के लिए मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) बनाई है न्यायमूर्ति सूर्यकांत, जॉयमाल्या बागची और विपुल एम पंचोली की पीठ ने यह सवाल पश्चिम बंगाल प्रवासी कल्याण बोर्ड की याचिका पर सुनवाई करते हुए किया। इस याचिका में आरोप लगाया गया है कि बंगाली भाषी प्रवासी मजदूरों को बांग्लादेशी नागरिक मानकर हिरासत में लिया जा रहा है।

**गुजरात सरकार को भी बनाया पक्षकार**

पीठ ने याचिका पर सुनवाई करते हुए केंद्र से अवैध प्रवासियों, खासकर बांग्लादेश भेजे जाने वाले प्रवासियों को निर्वासित करने के लिए सरकारों द्वारा अपनाई गई मानक संचालन प्रक्रियाओं (एसओपी) के बारे में जानकारी मांगी। साथ ही शीर्ष कोर्ट ने इस मामले में गुजरात सरकार को भी पक्षकार बनाया।

इस दौरान शीर्ष कोर्ट ने यह भी कहा कि बंगाली और पंजाबी भाषी भारतीयों की साझी सांस्कृतिक और भाषाई विरासत पड़ोसी देशों से जुड़ी है, केवल सीमाएं उन्हें अलग करती हैं।

**सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने किया विरोध**

वहीं, सुनवाई के दौरान केंद्र की ओर से दलीलें रख रहे सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने याचिका का विरोध किया। उन्होंने दलील दी कि कोई भी वास्तविक पीड़ित अदालत के सामने नहीं आया है। उन्होंने कहा कि इस अदालत को इन संगठनों और एसोसिएशनों द्वारा दायर याचिकाओं पर विचार नहीं करना चाहिए, जिन्हें कुछ राज्य सरकारों का समर्थन प्राप्त हो सकता है। अदालत के समक्ष कोई पीड़ित पक्ष नहीं है। हम जानते हैं कि कुछ राज्य सरकारें अवैध प्रवासियों के बल पर कैसे फलती–फूलती हैं। उन्होंने कहा कि जनसांख्यिकीय परिवर्तन एक गंभीर मुद्दा बन गया है।

**शीर्ष कोर्ट ने दिए निर्देश**

दोनों पक्षों की दलीलों को सुनने के बाद पीठ ने निर्देश देते हुए कहा कि देश में अवैध रूप से घुसपैठ करने वालों और भारत के भीतर पहले से मौजूद लोगों में फर्क करना जरूरी है। जिनके खिलाफ कार्रवाई हो रही है, उनके लिए उचित प्रक्रिया का पालन होना चाहिए।

पीठ ने इस मुद्दे पर स्पष्टीकरण मांगा और उस याचिका का हवाला दिया जिसमें कहा गया था कि बंगाली बोलने वाले लोगों को विदेशी माना जाता है। इस पर केंद्र के पक्षकार मेहता ने आश्वासन दिया कि भाषा निर्वासन का आधार नहीं है। उन्होंने याचिका पर जवाब दाखिल करने की पेशकश की और आग्रह किया कि इस मामले की सुनवाई न्यायालय में लंबित रोहिंग्या मामले के साथ की जाए। जिसके बाद न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने मेहता से दोनों मामलों में जवाब दाखिल करने को कहा।

# एक करोड़ से अधिक लोग, 14,500 अमादेर पाड़ा, अमादेर समाधान शिविरों में आए : ममता



**कोलकाता,समाज्ञा :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने राज्य सरकार की नागरिक पहुंच पहल 'आमादेर पारा, आमदेर समाधान' को मिली जबरदस्त जन प्रतिक्रिया पर शुक्रवार को प्रसन्नता व्यक्त की और कहा कि महज 26 दिनों में एक करोड़ से अधिक लोग करीब 14,500 शिविरों में गए। ममता बनर्जी ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, 'मुझे यह घोषणा करते हुए बेहद खुशी और गर्व हो रहा है कि सिर्फ़ 26 दिनों के भीतर, पूरे बंगाल से एक करोड़ से ज़्यादा लोग अपने इलाकों और आसपास की विभिन्न समस्याओं के स्थायी समाधान के लिए लगभग 14,500 'आमादेर पारा, आमदेर समाधान' शिविरों में आए।

इतनी जल्दी एक करोड़ का आंकड़ा पार करने के लिए सभी को बधाई।'' उन्होंने कहा कि इस सामाजिक–आर्थिक विकास पहल में बंगाल के आम पुरुषों और महिलाओं की अभूतपूर्व और सहज भागीदारी ने इस राज्य में प्रचलित लोकतांत्रिक और सहभागी सुशासन संस्कृति को और मजबूत किया है तथा उसमें और अधिक जान डाली है। बनर्जी ने 'एक्स' पर लिखा, '' हम बंगाल के हर व्यक्ति तक विभिन्न सरकारी लाभ पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

इसके अलावा मैं यह सुनिश्चित करती हूं कि आगे की जिम्मेदारी उठाने और आपकी समस्याओं का त्वरित और सार्थक समाधान प्रदान करने के लिए, हमारी 'मां–माटी–मानुष' सरकार हमेशा मौजूद है और आने वाले दिनों में भी मौजूद रहेगी।''

# भाजपा देश को घुसपैठियों से मुक्त करने के अपने वादे को पूरा करेगी : अमित शाह



**गुवाहाटी :** गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा)देश को घुसपैठियों से मुक्त करने का अपना वादा पूरा करेगी। शाह ने असम के पहले गैर–कांग्रेसी मुख्यमंत्री गोलाप बोरबोरा की जन्म शताब्दी पर गुवाहाटी में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा स्वतंत्रता दिवस के भाषण में घोषित केंद्र का उच्च स्तरीय जनसांख्यिकी मिशन देश के जनसांख्यिकीय स्वरूप का अध्ययन करने और घुसपैठियों की पहचान करने की दिशा में एक निर्णायक कदम है। उन्होंने कहा, ''हमने असम से वादा किया था, लेकिन हम 10 वर्षों में इसे पूरा नहीं कर पाए। लेकिन हम अपना वादा निभाएंगे और असम तथा पूरे देश को अवैध विदेशियों से मुक्त बनाएंगे।'' शाह ने कहा, ''मैं उन लोगों में से हूं जो मानते हैं कि हमारे देश में एक भी घुसपैठिया नहीं रहना चाहिए।'' केंद्रीय गृहमंत्री ने याद किया कि कैसे मार्च 1978 से सितंबर 1979 तक राज्य में जनता पार्टी की सरकार का नेतृत्व करने वाले बोरबोरा ने मंगलदाई लोकसभा सीट के लिए उपचुनाव की आवश्यकता पड़ने पर मतदाता सूची को शुद्ध करने का अभियान चलाया था।

# पुलिस ने प्रधानमंत्री के खिलाफ अपशब्द कहने वाले व्यक्ति को गिरफ्तार किया



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी राजा

**दरभंगा (बिहार) :** बिहार पुलिस ने राज्य में कांग्रेस नेता राहुल गांधी की 'वोटर अधिकार यात्रा' के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ कथित तौर पर अभद्र भाषा का इस्तेमाल करने वाले व्यक्ति को शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। आरोपी की पहचान मोहम्मद रिजवी उर्फ रजा (20) के रूप में हुई है, जिसे दरभंगा शहर के सिंहवाड़ा इलाके से गिरफ्तार किया गया। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की दरभंगा जिला इकाई के अध्यक्ष आदित्य नारायण चौधरी की शिकायत के आधार पर उसके और अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। एक कथित वीडियो में दरभंगा शहर में यात्रा के दौरान मंच से एक व्यक्ति मोदी के खिलाफ हिंदी में अपशब्द कहते हुए दिखाई दे रहा है, जहां से राहुल गांधी, उनकी बहन प्रियंका वाड्रा और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी यादव बुधवार को मोटरसाइकिल से मुजफ्फरपुर के लिए रवाना हुए थे।

# अमेरिका के साथ व्यापार समझौते पर बात जारी, विभेदकारी शर्तों पर नहीं झुकेंगेः गोयल

**नयी दिल्ली :** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को कहा कि भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) पर बातचीत जारी है लेकिन भारत कभी भी विभेदकारी शर्तों के आगे नहीं झुकेगा। इसके साथ ही गोयल ने भरोसा जताया कि अमेरिका द्वारा भारतीय वस्तुओं पर लगाए गए 50 प्रतिशत शुल्क का देश की अर्थव्यवस्था पर बड़ा असर नहीं पड़ेगा। गोयल ने यहां एक उद्योग सम्मेलन में कहा, अगर कोई अच्छा मुक्त व्यापार समझौता करना चाहता है तो हम हमेशा तैयार हैं। लेकिन अगर कोई भेदभाव करेगा तो हम न झुकेंगे और न ही कमजोर पड़ेंगे, बल्कि मिलकर आगे बढ़ेंगे। उनका यह बयान ऐसे समय आया है जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व वाले अमेरिकी प्रशासन ने भारतीय उत्पादों पर 50 प्रतिशत आयात शुल्क लगा दिया है। इस कदम को भारत पर दबाव बनाने की रणनीति माना जा रहा है ताकि प्रस्तावित व्यापार समझौते में अमेरिका को कृषि और डेयरी के संवेदनशील क्षेत्रों में व्यापक बाजार पहुंच मिल सके।

# उत्तराखंड में बादल फटने और भूस्खलन के कारण पांच लोगों की मौत, 11 लापता



**देहरादून :** उत्तराखंड के विभिन्न जिलों में शुक्रवार तड़के मूसलाधार बारिश से बादल फटने, बाढ़ आने और भूस्खलन की घटनाओं से मची तबाही में एक दंपति समेत पांच लोगों की मौत हो गयी तथा 11 अन्य लापता हो गए जबकि कई अन्य लोगों के लापता होने की आशंका है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि चमोली, रुद्रप्रयाग, टिहरी और बागेश्वर जिलों में प्राकृतिक आपदा का सबसे अधिक कहर बरपा, जहां कई मकान और मवेशी मलबे में दब गए, कृषि भूमि बर्बाद हो गयी, अनेक वाहन बह गए तथा संपर्क मार्ग क्षतिग्रस्त हो गए। उत्तराखंड राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अनुसार, बागेश्वर जिले के कपकोट के पौसारी गांव में तड़के तीन बजे अतिवृष्टि के कारण पहाड़ी से मलबा आने से पांच–छह मकान क्षतिग्रस्त हो गए जिसके कारण दो महिलाओं की मौत हो गयी तथा तीन अन्य व्यक्ति लापता हो गए। इस हादसे में मृतक महिलाओं की पहचान बसंती देवी जोशी तथा बचुली देवी के रूप में हुई है। लापता व्यक्तियों में बसंती देवी के पति रमेश चंद्र जोशी, गिरीश तथा पूरण जोशी शामिल हैं। घटना में बसंती देवी का पुत्र पवन घायल हुआ है।

# बिहार एसआईआर विवाद : आपत्ति दाखिल करने की समयसीमा बढ़ाने से जुड़ी याचिकाओं पर आठ सितंबर को सुनवाई होगी

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर दावे और आपत्तियां दाखिल करने की समय सीमा बढ़ाने के लिए राष्ट्रीय जनता दल (राजद) और ऑल इंडिया मजलिस–ए–इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) की ओर से दायर याचिकाओं पर आठ सितंबर को सुनवाई करने पर शुक्रवार को सहमति व्यक्त की। एसआईआर को लेकर दावे और आपत्तियां दर्ज कराने की अंतिम तारीख एक सितंबर है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति विपुल एम पंचोली की पीठ ने कहा कि वह आठ सितंबर को राजनीतिक दलों के आवेदनों पर सुनवाई करेगी। आदेश में कहा गया है, ''सभी अंतरिम आवेदनों को मुख्य मामले के साथ आठ सितंबर को सूचीबद्ध करें।''

## बिहार में 'संदिग्ध नागरिकता' को लेकर तीन लाख मतदाताओं को नोटिस दिए गए

बिहार में निर्वाचन अधिकारियों ने 'संदिग्ध नागरिकता' को लेकर लगभग तीन लाख मतदाताओं को नोटिस जारी किए हैं। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। ये तीन लाख मतदाता उन 7.24 करोड़ लोगों में शामिल हैं, जिनके नाम बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत एक अगस्त को प्रकाशित मसौदा मतदाता सूची में हैं। अधिकारियों ने जमीनी रिपोर्ट का हवाला देते हुए बताया कि जिन लोगों को नोटिस जारी किए गए हैं, उनके बांग्लादेश, नेपाल, म्यांमा और यहां तक कि अफगानिस्तान से आने का संदेह है।



# कक्षा में पढ़ाई ठीक हो तो न होगी जरूरत

हाल के दिनों में कोचिंग का तेजी से बढ़ता प्रचलन अभिभावकों के बजट को बिगाड़ रहा है। छात्रों का कोचिंग जाना धीरे-धीरे अपरिहार्य माना जाने लगा है। जिसके चलते माता-पिता को अपने अन्य जरूरी खर्चों में कटौती करनी पड़ती है। हाल ही में भारत सरकार के एक सर्वेक्षण में पाया गया कि देश भर के लगभग हर चार में से एक स्कूली छात्र ने इस वर्ष निजी कोचिंग ली। कुल मिलाकर देश के 27 फीसदी विद्यार्थी निजी कोचिंग लेते हैं। यह प्रतिशत शहरों में ज्यादा है, जो सर्वे में करीब 31 फीसदी पाया गया। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में शहरों की तुलना में कम- 25 फीसदी पाया गया है। पंजाब और हरियाणा जैसे राज्यों में यह कोई वैकल्पिक सुविधा नहीं है बल्कि शिक्षा प्रणाली की विसंगतियों से अपने बच्चों को उबारकर उनके बेहतर भविष्य की आस का जरिया है। उस स्थिति से उबरने की कोशिश है जो छात्रों को परीक्षा से पूर्व तनाव व परेशानी में धकेल देती है। केंद्र सरकार के व्यापक वार्षिक माड्यूलर सर्वेक्षण यानी सीएमएस में खुलासा हुआ है कि शहरी परिवार कोचिंग पर साल में औसतन चार हजार रुपये खर्च करते हैं। वहीं उच्चतर माध्यमिक छात्रों के लिये राशि बढ़कर दस हजार रुपये हो जाती है। दूसरी ओर ग्रामीण क्षेत्रों में यह खर्च कम हो जाता है। लेकिन फिर भी परिवार की आय पर दबाव जरूर बनाता है। कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के व्यापक मॉड्यूलर सर्वेक्षण (शिक्षा) के ये आंकड़े एक सच्चाई को उजागर करते हैं कि स्कूली पढ़ाई छात्रों की सभी जिज्ञासाओं को शांत नहीं कर पाती। यानी स्कूल छात्रों की परीक्षाओं के लिये अपेक्षित आत्मविश्वास प्रदान करने में पूरी तरह सफल नहीं हो पा रहे हैं। जाहिर बात है कि यदि स्कूलों में पढ़ाई छात्राओं की आकांक्षाओं के अनुरूप हो और उनकी जिज्ञासा कक्षा की पढ़ाई के दौरान शांत हो जाए, तो वे कोचिंग की आवश्यकता महसूस नहीं करेंगे।

सर्वे बताता है कि आज देश में 56 फीसदी छात्र सरकारी स्कूलों में शिक्षा ले रहे हैं। जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में यह संख्या दो दिहाई है। निस्संदेह, ऐसी स्थिति में कोचिंग का बढ़ता प्रचलन आकांक्षाओं से ज्यादा व्यवस्थागत कमजोरी का संकेत है। वहीं पंजाब और हरियाण में,यह प्रचलन ज्यादा है जहां बोर्ड और प्रवेश परीक्षाओं का अधिक दबाव हावी रहता है। जिसके चलते कुकरमुत्तों की तरह कोचिंग सेंटर उग रहे हैं। नतीजा साफ है कि कक्षाओं में ठीक से पढ़ाई न होने के कारण छात्रों का ध्यान व पैसा स्कूल के समानांतर चलाए जा रहे कोचिंग सेंटरों को जा रहा है। कोचिंग सेंटर, जिनका मकसद सिर्फ मुनाफा जुटाना ही है, वे समाज में एक कृत्रिम स्पर्धा ट्यूशन पढ़ने व न पढ़ने वाले छात्रों के बीच पैदा कर रहे हैं। पारिवरिक परिस्थितियों के चलते ट्यूशन न पढ़ने वाले छात्र असुरक्षा व हीन भावना के शिकार हो जाते हैं। दरअसल, इस समस्या का समाधान कोचिंग को बाजार हिस्सा मानकर नहीं किया जा सकता है। प्रतिबंध या सीमाएं निर्धारण से भी समस्या का समाधान करने के बजाय हम इस मुद्दे को और जटिल बना देंगे। बेहतर होगा कि स्कूल में कमजोर छात्रों को स्कूल के समय बाद अतिरिक्त कक्षाओं के जरिये मजबूती प्रदान की जाए। खासकर बोर्ड की परीक्षाओं में शामिल हो रहे छात्रों पर अधिक ध्यान व समय देकर स्कूल प्रबंधक रचनात्मक भूमिका निभा सकते हैं। जिससे अभिभावकों पर अतिरिक्त आर्थिक दबाव भी नहीं पड़ेगा। अधिक विषयों के लिये योग्य शिक्षकों की नियुक्ति व रटने के बजाय समझने की प्रवृत्ति को बढ़ावा देकर भी कोचिंग प्रथा को कम किया जा सकता है। इसके साथ ही स्कूलों में छात्रों का मध्यावधि मूल्यांकन भी मददगार साबित हो सकता है। राज्य बोर्डों को भी छात्रों के ज्ञान के मूल्यांकन को नया स्वरूप देना चाहिए। वे छात्रों को समझ और व्यावहारिक ज्ञान देने को प्राथमिकता दें बजाय कि रटने की प्रवृत्ति को बढ़ाने की। यदि निजी कोचिंग अपरिहार्य है तो कम आय वाले छात्रों के लिये आर्थिक सहायता नैसर्गिक न्याय करेगी। इससे शिक्षा के क्षेत्र में समानता लाना संभव है। अन्यथा कोचिंग का दायरा बढ़ता ही रहेगा। अन्यथा असमानता बढ़ेगी और कक्षाओं में छात्रों की भागीदारी कम होती जाएगी।

# सरकार निर्यात को बढ़ावा देने के लिए जल्द ही कई कदम उठाएगी: पीयूष गोयल



**नयी दिल्ली :** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को कहा कि सरकार देश के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए घरेलू एवं वैश्विक पहुंच बढ़ाने को लेकर जल्द ही कई कदम उठाएगी। उन्होंने निर्यातकों को व्यापार के मोर्चे पर किसी देश की एकतरफा कार्रवाई के कारण उत्पन्न मौजूदा वैश्विक अनिश्चितताओं से निपटने के लिए हरसंभव मदद का आश्वासन भी दिया। अमेरिका ने 27 अगस्त से भारतीय सामानों पर 50 प्रतिशत का भारी शुल्क लगा दिया है। इस उच्च शुल्क से कपड़ा, चमड़ा, जूते और झींगा जैसे कुछ श्रम-प्रधान क्षेत्रों के निर्यात पर असर पड़ने की आशंका है। गोयल ने उद्योग जगत के एक कार्यक्रम में कहा, 'सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि आप सभी को किसी एकतरफा कार्रवाई से उत्पन्न वर्तमान स्थिति को संभालने में किसी भी तनाव या कठिनाइयों का सामना न करना पड़े।' उन्होंने उद्योग जगत से उन क्षेत्रों का पता लगाने का भी आग्रह किया जो इन शुल्क से प्रभावित हो सकते हैं और जिन्हें वैकल्पिक बाजारों की आवश्यकता है। मंत्री ने कहा, 'हम वाणिज्य मंत्रालय में, अपने दूतावासों के माध्यम से दुनिया के अन्य हिस्सों तक पहुंच रहे हैं ताकि उन अन्य अवसरों की तलाश की जा सके जिनका हम लाभ उठा सकते हैं। हम घरेलू खपत को बढ़ावा देने पर भी विचार कर रहे हैं...' उन्होंने कहा, 'आप जल्द ही अगले सप्ताह जीएसटी परिषद की बैठक देखेंगे... ताकि इन बदलावों का प्रभाव आप सभी को बहुत जल्दी महसूस हो सके और इससे पूरे घरेलू विनिर्माण क्षेत्र में मांग को तेजी से बढ़ावा मिल सके।'

## भारत, अफ्रीका को 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार दोगुना करने पर विचार करना चाहिए: गोयल

**नयी दिल्ली :** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को कहा कि भारत और अफ्रीका को 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को मौजूदा 82 अरब डॉलर से दोगुना करने पर विचार करना चाहिए। उन्होंने महत्वपूर्ण खनिज, कृषि, प्रौद्योगिकी और विनिर्माण जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने का भी आह्वान किया। द्विपक्षीय व्यापार वित्त वर्ष 2015-16 के 56 अरब अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 2024-25 में 82 अरब डॉलर हो गया। इसमें भारत का निर्यात 42 अरब डॉलर और आयात 40 अरब अमेरिकी डॉलर रहा। उन्होंने कहा कि अपार अवसरों के बावजूद यह व्यापार की स्थिति बहुत अच्छी नहीं है। मंत्री ने कहा, 'हमें 2030 तक व्यापार को दोगुना करने पर ध्यान देना चाहिए। यह एक साहसिक लक्ष्य है, लेकिन इसे हासिल किया जा सकता है।'

# विपक्ष शासित राज्यों ने केंद्र के जीएसटी सुधार से होने वाले राजस्व नुकसान की भरपाई करने को कहा

**नयी दिल्ली :** विपक्ष शासित राज्यों ने शुक्रवार को कहा कि केंद्र के जीएसटी दर में बदलाव के प्रस्ताव से लगभग 1.5 करोड़ रुपये से दो लाख करोड़ रुपये तक का राजस्व नुकसान हो सकता है। इन राज्यों ने केंद्र से खुद को होने वाले नुकसान की भरपाई करने की मांग की। आठ राज्यों - हिमाचल प्रदेश, झारखंड, कर्नाटक, केरल, पंजाब, तमिलनाडु, तेलंगाना और पश्चिम बंगाल- के वित्त मंत्रियों ने तीन-चार सितंबर को जीएसटी परिषद की होने वाली अगली बैठक में अपना प्रस्ताव पेश करने का फैसला किया। दरों को युक्तिसंगत बनाने और राजस्व तटस्थता को संतुलित करने के उनके प्रस्ताव में मौजूदा कर भार को बनाए रखने के लिए प्रस्तावित 40 प्रतिशत दर के अलावा अहितकर और विलासिता की वस्तुओं पर अतिरिक्त शुल्क लगाने का सुझाव दिया गया है। विपक्ष शासित राज्यों ने मांग की कि इस शुल्क से मिलने वाली आय राज्यों के बीच वितरित की जानी चाहिए। इन आठ राज्यों की बैठक के बाद कर्नाटक के वित्त मंत्री कृष्ण बायरे गौड़ा ने संवाददाताओं को जानकारी देते हुए कहा कि प्रत्येक राज्य को अपने मौजूदा वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) राजस्व में 15-20 प्रतिशत की कमी आने की आशंका है। बायरे गौड़ा ने कहा, ''जीएसटी राजस्व में 20 प्रतिशत की कमी देश भर की राज्य सरकारों के राजकोषीय ढांचे को गंभीर रूप से अस्थिर कर देगी।'' उन्होंने कहा कि राज्यों को राजस्व स्थिर होने तक पांच वर्षों के लिए क्षतिपूर्ति दी जानी चाहिए। मंत्री ने कहा कि जब जीएसटी लागू किया गया था, तब राजस्व तटस्थ दर (आरएनआर) 14.4 प्रतिशत थी। बाद में कर दरों को युक्तिसंगत बनाने के बाद कराधान की शुद्ध दर घटकर 11 प्रतिशत हो गई। केंद्र के जीएसटी दरों को कम करने और स्लैब में कटौती करने के वर्तमान प्रस्ताव से कराधान की शुद्ध दर घटकर 10 प्रतिशत हो जाएगी। बायरे गौड़ा ने कहा, ''राज्यों के राजस्व हितों की रक्षा की जानी चाहिए। अगर राज्य सरकार के राजस्व को गंभीर नुकसान होता है, तो लोग प्रभावित होंगे, विकास कार्य प्रभावित होंगे और अपर्याप्त राजस्व राज्य की स्वायत्तता को भी नुकसान पहुंचाएगा।'

## विदेशी मुद्रा भंडार 4.38 अरब डॉलर घटकर 690.72 अरब डॉलर पर

**मुंबई :** भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 22 अगस्त को समाप्त सप्ताह में 4.38 अरब डॉलर घटकर 690.72 अरब डॉलर रहा। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इससे पिछले सप्ताह में कुल विदेशी मुद्रा भंडार 1.49 अरब डॉलर बढ़कर 695.11 अरब डॉलर पर था। शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, 22 अगस्त को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का प्रमुख घटक, विदेशी मुद्रा आस्तियां 3.65 अरब डॉलर घटकर 582.25 अरब डॉलर रहीं।

## राजकोषीय घाटा जुलाई के अंत तक पूरे साल के लक्ष्य का 29.9 प्रतिशत पर

**नयी दिल्ली :** केंद्र का राजकोषीय घाटा जुलाई के अंत तक पूरे साल के लक्ष्य का 29.9 प्रतिशत पहुंच गया। लेखा महानियंत्रक (सीजीए) ने शुक्रवार को जारी आंकड़ों में यह कहा। पिछले वित्त वर्ष 2024-25 के पहले चार महीनों में यह बजट अनुमान (बीई) का 17.2 प्रतिशत था। इससे पहले पहली तिमाही (अप्रैल-जून) के अंत तक घाटा पूरे वर्ष के लक्ष्य का 17.9 प्रतिशत था। वास्तविक राजकोषीय घाटा या सरकार के व्यय और राजस्व के बीच का अंतर वित्त वर्ष 2025-26 की अप्रैल-जुलाई अवधि में 4,68,416 करोड़ रुपये था। केंद्र का अनुमान है कि 2025-26 के दौरान राजकोषीय घाटा सकल घरेलू उत्पाद का 4.4 प्रतिशत यानी 15.69 लाख करोड़ रुपये होगा।

# अगले साल की पहली छमाही में आएगा रिलायंस जियो का आईपीओ: मुकेश अंबानी



## अंबानी ने उत्तराधिकार के लिए मंच तैयार किया, सालाना आम बैठक में अनंत शामिल

**नयी दिल्ली :** बाजार पूंजीकरण के लिहाज से देश की सबसे मूल्यवान कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) में उत्तराधिकार योजना की घोषणा के ठीक तीन साल बाद उद्योगपति मुकेश अंबानी शुक्रवार को अपने तीनों बच्चों के लिए कारोबार की कमान संभालने का रास्ता बनाते हुए दिखाई दिए। रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरधारकों की सालाना आम बैठक में अंबानी ने अपने जुड़वां बच्चों आकाश और ईशा (33) को क्रमशः दूरसंचार और खुदरा क्षेत्रों के लिए व्यावसायिक योजना प्रस्तुत करने का मौका दिया।

**नयी दिल्ली :** रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने शुक्रवार को कहा कि दूरसंचार इकाई 'रिलायंस जियो' अगले साल की पहली छमाही में अपना आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लेकर आएगी और शेयर बाजार में सूचीबद्ध होगी। देश की सबसे बड़ी दूरसंचार सेवा प्रदाता रिलायंस जियो इस समय आरआईएल की एक अनुषंगी कंपनी है। अंबानी ने आरआईएल की 48वीं वार्षिक आम बैठक में शेयरधारकों को संबोधित करते हुए कहा कि जियो ने अपने परिचालन के 10 वर्षों में ही 50 करोड़ ग्राहकों का आंकड़ा पार कर लिया है और आगामी आईपीओ यह दर्शाएगा कि जियो भी अपने वैश्विक समकक्षों की तरह विशाल मूल्य सृजित करने में सक्षम है। उन्होंने भरोसा जताया कि यह आईपीओ निवेशकों के लिए बेहद आकर्षक अवसर साबित होगा। इसके साथ ही उन्होंने जियो की भावी योजनाएं कहीं अधिक महत्वाकांक्षी होने वाली हैं। हालांकि अंबानी ने जियो के आईपीओ में सूचीबद्ध किए जाने वाले शेयरों की मात्रा के बारे में कोई जानकारी नहीं दी लेकिन ऐसी अटकलें हैं कि लगभग 10 प्रतिशत हिस्सेदारी बेची जा सकती है। रिलायंस की सभी डिजिटल संपत्तियों की नियंत्रक इकाई जियो प्लेटफॉर्म्स में इस समय आरआईएल की 66.3 प्रतिशत हिस्सेदारी है, जबकि मेटा (फेसबुक) के पास 10 प्रतिशत और गूगल के पास 7.7 प्रतिशत है। निजी इक्विटी निवेशकों के पास शेष 16 प्रतिशत हिस्सेदारी है। कुछ वर्ष पहले जियो प्लेटफॉर्म्स ने फेसबुक, गूगल, सिल्वर लेक, केकेआर और अन्य वैश्विक निवेशकों से करीब 1.52 लाख करोड़ रुपये जुटाए थे। विश्लेषकों के मुताबिक जियो का उद्यम मूल्य (कंपनी का कुल कारोबार मूल्य) 136 से 154 अरब डॉलर के बीच आंका गया है। यदि इस उच्च मूल्यांकन पर आईपीओ आया तो जियो दुनिया की छठी सबसे बड़ी दूरसंचार कंपनी बन सकती है।

## 'रिलायंस इंटेलिजेंस' सबको, हर जगह एआई सुविधा देने का काम करेगी: मुकेश अंबानी

रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने कृत्रिम मेधा (एआई) के लिए एक नई अनुषंगी 'रिलायंस इंटेलिजेंस' के गठन की शुक्रवार को घोषणा की। यह देश में बड़े पैमाने पर एआई बुनियादी ढांचे का निर्माण करेगी ताकि हर जगह, हर किसी को एआई क्षमता मुहैया कराई जा सके। अंबानी ने कंपनी की वार्षिक आम बैठक में कहा कि रिलायंस इंटेलिजेंस अनुषंगी गीगावाट-स्तर के एआई-सक्षम डेटा केंद्र बनाएगी, जो स्वच्छ ऊर्जा से संचालित होंगे और राष्ट्रीय स्तर पर प्रशिक्षण एवं अनुमान के लिए डिजाइन किए गए होंगे।

## रिलायंस 2026 में खोलेगी बैटरी की मेगा फैक्ट्री, 2032 तक 30 लाख टन ग्रीन हाइड्रोजन का लक्ष्य

रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) अपने स्वच्छ ऊर्जा कारोबार को बढ़ाने के लिए तेजी से कदम उठा रही है। कंपनी 2026 में एक विशाल बैटरी उत्पादन क्षमता वाला संयंत्र, सिंगापुर के आकार से तीन गुना बड़ी सौर ऊर्जा परियोजना और 2032 तक 30 लाख टन हरित हाइड्रोजन क्षमता शुरू करने की योजना बना रही है। कंपनी कोयला, पेट्रोल जैसे जीवाश्म ईंधन से दूरी बना रही है। आरआईएल की वार्षिक आम बैठक में उद्योगपति मुकेश अंबानी के सबसे छोटे बेटे और रिलायंस के कार्यकारी निदेशक अनंत अंबानी ने कहा कि कंपनी दुनिया का सबसे एकीकृत नया ऊर्जा परिवेश बना रही है- रेत और इलेक्ट्रॉन से लेकर हरित अणुओं तक। कंपनी स्वच्छ ऊर्जा के हर एक हिस्से के उत्पादन में निवेश कर रही है- ऐसे मॉड्यूल जो सूर्य के प्रकाश को बिजली में बदल देंगे, ऐसी बैटरियां जो ऊर्जा भंडारण कर सकें, ऐसे इलेक्ट्रोलाइजर जो नवीकरणीय ऊर्जा का उपयोग करके पानी के अणुओं को विभाजित करके भविष्य का ईंधन हाइड्रोजन बना सकें।

## रिलायंस रिटेल को अगले तीन वर्षों में 20 प्रतिशत वार्षिक वृद्धि का भरोसा: ईशा अंबानी

देश की अग्रणी खुदरा कंपनी रिलायंस रिटेल को अगले तीन वर्षों में 20 प्रतिशत की सालाना संचयी वृद्धि दर हासिल करने का भरोसा है। ईशा अंबानी ने बताया कि वित्त वर्ष 2024-25 में रिलायंस रिटेल का कारोबार 3.3 लाख करोड़ रुपये (38.7 अरब डॉलर) तक पहुंच गया। कंपनी की सबसे प्रमुख श्रेणियों- किराना, फैशन एवं जीवनशैली और उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स में मजबूत वृद्धि की संभावना बनी हुई है। उन्होंने कहा, ये सिर्फ वित्तीय उपलब्धियां नहीं हैं, बल्कि इस बात का प्रमाण हैं कि महत्वाकांक्षा, अनुशासन, नवाचार और निष्पादन मिलकर दीर्घकालिक मूल्य का सृजन कर सकते हैं।

# शुल्क की चिंता में शेयर बाजार में लगातार तीसरे दिन गिरावट, सेंसेक्स 271 अंक फिसला




**मुंबई :** उच्च अमेरिकी शुल्क से पैदा हुए दबाव और विदेशी पूंजी की लगातार निकासी के बीच स्थानीय शेयर बाजार शुक्रवार को लगातार तीसरे दिन गिरावट के साथ बंद हुए। सेंसेक्स में 271 अंक और निफ्टी में 74 अंक की गिरावट दर्ज की गई। विश्लेषकों ने कहा कि अमेरिका की तरफ से भारतीय उत्पादों पर 27 अगस्त से 50 प्रतिशत शुल्क लगा दिए जाने के बाद से ही निवेशकों की धारणा सतर्क बनी हुई है। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 270.92 अंक यानी 0.34 प्रतिशत टूटकर 79,809.65 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 338.81 अंक की गिरावट के साथ 79,741.76 पर आ गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी 74.05 अंक यानी 0.30 प्रतिशत की गिरावट के साथ 24,426.85 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में से महिंद्रा एंड महिंद्रा में सर्वाधिक 2.96 प्रतिशत की गिरावट आई जबकि रिलायंस इंडस्ट्रीज में 2.21 प्रतिशत नुकसान में रहा। इसके अलावा, इन्फोसिस, एनटीपीसी, टाटा मोटर्स और टेक महिंद्रा भी नुकसान में रहे। दूसरी तरफ, लाभ में रहने वाले शेयरों में आईटीसी, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, ट्रेंट और लार्सन एंड टुब्रो शामिल हैं। इस बीच, रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक मुकेश अंबानी ने 2026 की पहली छमाही में रिलायंस जियो का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने की घोषणा की।

# एलआईसी ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए सरकार को 7,324 करोड़ रुपये का लाभांश दिया



**नयी दिल्ली :** भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 7,324.34 करोड़ रुपये का लाभांश चेक दिया है। सार्वजनिक क्षेत्र की बीमा कंपनी ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि एलआईसी ने 26 अगस्त, 2025 को हुई अपनी वार्षिक आम बैठक में लाभांश को मंजूरी दी थी। एलआईसी के सीईओ और प्रबंध निदेशक आर दोरईस्वामी ने वित्तीय सेवा विभाग के सचिव एम नागराजू और संयुक्त सचिव प्रशांत कुमार गोयल तथा बीमा कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में वित्त मंत्री को लाभांश चेक प्रदान किया। एलआईसी का परिसंपत्ति आधार 31 मार्च, 2025 तक 56.23 लाख करोड़ रुपये था। कंपनी जीवन बीमा बाजार में अग्रणी बनी हुई है।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 30 अगस्त, शनिवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2082, भाद्रपद शुक्लपक्ष सप्तमी, 22:45 तक, नक्षत्र : विशाखा, 14:29 तक, योग : इंद्र, 14:58 तक, सूर्योदय: 5:18, सूर्यास्त: 17:57, चन्द्रोदय : 11:13, चन्द्रास्त: 22:06, शक सम्वतः 1947 विश्वावसु, सूर्य राशि : सिंह, चन्द्र राशि : तुला, राहू काल : 08:29 से 10:03

## राशिफल

**मेष :** व्यापार के मामले में कुछ नए बदलाव देखने को मिल सकते हैं। इसी के चलते भविष्य में अच्छा मुनाफा मिलने की संभावना है। धार्मिक और सामाजिक कार्यों में रुचि दिखा सकते हैं।

**वृष :** आपको जीवन में कुछ बाधाओं का सामना करना पड़ सकता है और सांसारिक सुख के साधनों में भी कमी आ सकती है। इसी के चलते मन परेशान रहेगा।

**मिथुन :** कार्यक्षेत्र में आप अपने कार्यों को पूरा करने की मेहनत में लगे रहेंगे और जरूरी रुके हुए काम भी अब पूरे हो सकते हैं। नए-नए कार्यों में आप हाथ आजमा सकते हैं।

**कर्क :** आप कामकाज के सिलसिले में ज्यादा व्यस्त रहेंगे और एक साथ कई कामों को संभाल सकते हैं। कार्यक्षेत्र में उन्नति मिल सकती है, जिससे संतुष्टि महसूस होगी।

**सिंह :** आपको कोई बहुमूल्य वस्तु प्राप्त हो सकती है। आप अपने सुख के साधन बढ़ाने के लिए कुछ धन भी खर्च कर सकते हैं। धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ सकती है।

**कन्या :** काम धंधे के मामले में दिन उत्तम रहने वाला है और समाज में भी आपके मान-सम्मान में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में आपका प्रभाव अधिक रहेगा।

**तुला :** आपको कार्यक्षेत्र में काम अधिक होने के कारण ज्यादा मेहनत करनी पड़ सकती है। इसी के चलते स्वास्थ्य भी सामान्य से कम अच्छा रहेगा। पराक्रम में वृद्धि होने के योग हैं।

**वृश्चिक :** कारोबार के मामले में दिन मिलाजुला रहने वाला है। आर्थिक मामलों में कुछ अनावश्यक खर्चे आपके सामने आ सकते हैं, जिसके चलते तनाव बढ़ने की संभावना है।


**धनु :** आपका दिन का कुछ भाग सामाजिक कार्यों में व्यतीत हो सकता है। कारोबार के मामले में आपको अपने मन की बात हर किसी से साझा करने से बचना होगा।

**मकर :** कार्यक्षेत्र में अपनी निर्णय लेने की क्षमता से आपको लाभ प्राप्त हो सकता है। इसी के चलते सफलता के मार्ग पर आगे बढ़ते जाएंगे। धन लाभ के भी शुभ संयोग बनेंगे।

**कुम्भ :** आपको बड़े-बुजुर्गों के आशीर्वाद से अपने कार्यों में सफलता हासिल हो सकती है। वहीं, करियर के क्षेत्र में भविष्य के लिए कुछ लाभदायक नई संभावनाएं सामने आ सकती हैं।

**मीन :** कार्यक्षेत्र में किसी काम या बात को लेकर आप परेशान रह सकते हैं, जिसके चलते मानसिक तनाव बढ़ने की भी संभावना है। संतान के प्रति आपका प्रेम बढ़ेगा।

## वर्ग पहेली नं. 3192



*बायें से दायें:-* 1) लाजवंती *(एक पौधा)*, 4) मादक, 6) कृष्ण, 8) दो नंबर का पैसा, 10) निर्बल, 11) अधिक, 12) अमीर, 13) नज़र, 14) एक लंबे पैरोंवाला सफ़ेद बड़ा पक्षी, 16) तल्लीन, 17) चकल्लस, 19) इच्छा, 21) तीर, 22) संकट, 24) हैसियत, 25) दुःखी.

*ऊपर से नीचे:-* 1) अनुज; लड़का; ठिंगना, 2) प्रामाणिक, 3) ठाट-बाट, 4) मृदु, 5) बेफिक्र, 7) भूसी, 9) लाठियाँ चलाना *(भीड़ में पुलिस द्वारा)*, 11) बीच का, 13) निश्चित, 14) शनि ग्रह की एक अनिष्टकर स्थिति, 15) बराबरी का, 18) काव्य, 20) बीमार, 23) धब्बा. *(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बे | ड़ी | | स | मी | प | | छ | त | री |
| स | | गु | म | | ट | ह | ल | ना | |
| न | भ | | झ | ल | क | | क | | अ |
| | य | शो | दा | | ना | | प | टा | का |
| बं | | ह | र | म | | पे | ट | | र |
| द | फ्त | र | | ग | णे | श | | बा | ण |
| र | | त | मी | ज़ | | क | ला | ई | |
| गा | ढ़ा | | ना | | ला | श | | मा | ली |
| ह | | ता | र | ता | र | | का | न | न |

**Mob. No. 08329510310**

## सुडोकू-पहेली-3149

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 5 | | | 1 | | |
| | | | | | 7 | | 8 | 5 |
| | 4 | | | | | | | |
| 3 | | | 6 | 4 | | | 9 | |
| | | | | | 8 | 5 | | |
| | | | | | | | 6 | |
| 9 | 5 | | | 1 | | | | |
| 7 | 6 | | | 8 | | | 3 | 9 |
| | | | | | 9 | | | |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

••••

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 3148 का उत्तर**


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 6 | 5 | 2 | 4 | 3 | 1 | 7 | 8 |
| 4 | 2 | 1 | 8 | 7 | 5 | 6 | 3 | 9 |
| 7 | 8 | 3 | 9 | 6 | 1 | 2 | 5 | 4 |
| 8 | 7 | 6 | 5 | 1 | 9 | 4 | 2 | 3 |
| 5 | 4 | 2 | 7 | 3 | 6 | 8 | 9 | 1 |
| 1 | 3 | 9 | 4 | 2 | 8 | 7 | 6 | 5 |
| 2 | 9 | 8 | 6 | 5 | 4 | 3 | 1 | 7 |
| 6 | 1 | 4 | 3 | 9 | 7 | 5 | 8 | 2 |
| 3 | 5 | 7 | 1 | 8 | 2 | 9 | 4 | 6 |


ASSOCIATION PARTNER
PHDCCI
HARMONY DEVELOPMENT PROGRESS
Estd. - 1905
₹ISING भारत 2.0
THE 19th Annual Investors Conference
30TH AUGUST 2025
CHIEF GUEST
DR. VINOD DUGAR
PROMOTOR AT RDB GROUP
HONY. CONSUL. OF THE REPUBLIC OF MALAWI, KOLKATA
GUEST SPEAKERS
MODERATOR
SHRI PRASHANT KOTHARI
CEO & CIO
ALPHA ALTERNATIVES SINGAPORE
SHRI SAKET MISRA
MANAGING PARTNER
SVAS GROUP
SHRI ANIRUDDHA NAHA
CIO
ALTERNATIVES PGIM INDIA
SHRI SUMIT MEHROTRA
ANALYST, ANCHOR & STYLE ICON
INDIAN BUSINESS JOURNALISM
SHRI ROHIT SURANA
PARTNER
RSPA & ASSOCIATES
KRS
KRS WEALTH
KAVISH SHAH
KRS OWNER
FOUNDER & PARTNER KRS WEALTH
HEMAL MEGHANI
CO-FOUNDER & PARTNER
DHRUV SHAH
CO-FOUNDER & PARTNER
PURAV SHAH
CO-FOUNDER & PARTNER
FOR ANY QUERIES SCAN THE QR CODE
OUR OFFERINGS
EQUITY | DERIVATIVES | LIFE INSURANCE | HEALTH INSURANCE
GENERAL INSURANCE | MUTUAL FUNDS | ALTERNATIVE INVESTMENT FUNDS (AIF)
PORTFOLIO MANAGEMENT SERVICES (PMS) | IPO LIASONING | FIXED INCOME & BONDS
KRS
KRS WEALTH
motilal oswal
3A POLLOCK STREET, KESHOWJEE CHAMBERS, 3RD FLOOR, KOLKATA 700001

# ग्रुप सी और डी पदों पर नियुक्ति के लिए एसएससी ने जारी की विज्ञप्ति

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल स्कूल सर्विस कमीशन (एसएससी) ने राज्य के सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों में ग्रुप-सी और ग्रुप-डी पदों पर नियुक्ति की विज्ञप्ति जारी कर दी है। आयोग की ओर से दिए गए तथ्य के अनुसार, ग्रुप-सी पद पर कुल 2,989 रिक्तियां और ग्रुप-डी पद पर 5,488 रिक्तियां भरी जाएंगी।

इन पदों के लिए 16 सितंबर से ऑनलाइन आवेदन शुरू होंगे और उम्मीदवार 31 अक्टूबर तक आवेदन कर सकेंगे। विस्तृत विज्ञप्ति 31 अगस्त को आयोग की आधिकारिक वेबसाइट पर प्रकाशित की जाएगी।




ज्ञात रहे, 2016 में एसएससी ने 26 हजार शिक्षक और शिक्षाकर्मियों की नियुक्ति की थी, लेकिन इस साल अप्रैल में सुप्रीम कोर्ट की मुख्य न्यायाधीश की पीठ ने भ्रष्टाचार के आरोपों के कारण पूरा पैनल रद्द कर दिया। हालांकि योग्य शिक्षकों को 31 दिसंबर तक स्कूल जाने और वेतन पाने की अनुमति दी गई है, लेकिन ग्रुप सी और डी कर्मचारियों को यह राहत नहीं मिली।

आयोग ने साफ किया है कि इस भर्ती प्रक्रिया में 'अयोग्य' घोषित उम्मीदवार आवेदन नहीं कर सकेंगे। सुप्रीम कोर्ट ने भी निर्देश दिया है कि किसी भी अयोग्य उम्मीदवार को परीक्षा में बैठने का अवसर नहीं दिया जाए। इसके साथ ही शीर्ष अदालत ने एसएससी को अगले 7 दिनों में अयोग्य उम्मीदवारों की सूची प्रकाशित करने का आदेश दिया है।

गौरतलब है कि पहले ग्रुप सी और डी कर्मचारियों की नियुक्ति स्कूल मैनेजिंग कमिटी करती थी, लेकिन बाद में विधानसभा में बिल पास कर पूरी प्रक्रिया एसएससी को सौंप दी गई।

इस बीच, आगामी 7 और 14 सितंबर को शिक्षक भर्ती परीक्षा भी आयोजित की जाएगी।

बंगाल सरकार की ओबीसी नीति के खिलाफ विरोध रैली

## भाजपा सांसद और अन्य को हिरासत में लिया गया

**कोलकाता :** बंगाल सरकार की ओबीसी नीति के खिलाफ शुक्रवार को कोलकाता में राज्य विधानसभा तक मार्च शुरू होने से पहले पुलिस ने भाजपा सांसद ज्योतिर्मय सिंह महतो और कई अन्य प्रदर्शनकारियों को हिरासत में ले लिया। ये लोग राज्य सरकार के खिलाफ अपना विरोध जताने के लिए मार्च निकाल रहे थे।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि पुरुलिया से सांसद महतो और 30 अन्य लोगों को उस समय हिरासत में लेकर गाड़ियों में ले जाया गया जब पश्चिम बंगाल ओबीसी अधिकार रक्षा मंच के लगभग 100 सदस्यों ने विधानसभा से लगभग दो किलोमीटर दूर कालेज स्ट्रीट-सूर्य सेन स्ट्रीट को जाम कर दिया।

महतो ने कहा कि यह रैली राज्य सरकार द्वारा अल्पसंख्यक समुदाय के सदस्यों को ओबीसी सूची में शामिल करने के कदम के विरोध में आयोजित की गई थी।

उन्होंने आरोप लगाया कि हम अवैध अल्पसंख्यक आरक्षण के खिलाफ हैं, जो ओबीसी को वंचित करता है। ममता बनर्जी सरकार केवल तुष्टीकरण की राजनीति में विश्वास करती है। उन्हें न तो अल्पसंख्यकों और न ही ओबीसी के उत्थान में कोई दिलचस्पी है। पुलिस ने बताया कि प्रदर्शनकारियों ने इससे पहले कालेज स्ट्रीट-बऊबाजार मार्ग पर आधे घंटे तक यातायात बाधित किया था।

न्यूज अपडेट

### हावड़ा डिवीजन में स्वच्छता अभियान के तहत डस्टबिन व्यवस्था और पीए सिस्टम से जागरूकता

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के हावड़ा डिवीजन ने स्वच्छता अभियान के तहत शुक्रवार को विशेष पहल करते हुए स्टेशनों पर साफ-सफाई की व्यवस्था को और मजबूत बनाया तथा यात्रियों में जागरूकता फैलाने के लिए कई कदम उठाए। रामपुरहाट, आजिमगंज, वर्दवान, कटवा, बंडेल, मोगरा और श्रीरामपुर स्टेशनों पर कचरा प्रबंधन को ध्यान में रखते हुए पर्याप्त संख्या में डस्टबिन लगाए गए, ताकि यात्री जिम्मेदारी के साथ अपशिष्ट का निस्तारण करें और स्टेशन परिसर को स्वच्छ बनाए रखें। इसके अलावा, इन स्टेशनों पर सार्वजनिक उद्घोषणा (पीए) प्रणाली के माध्यम से लगातार स्वच्छता संदेश प्रसारित किए गए। यात्रियों को कोचों को स्वच्छ रखने और कचरा इधर-उधर न फेंकने की अपील की गई। संदेशों में कहा गया कि यात्रा के दौरान स्वच्छ और जिम्मेदार व्यवहार अपनाना सभी का कर्तव्य है। इन पहलों के माध्यम से हावड़ा डिवीजन ने 'स्वच्छ रेल, स्वच्छ भारत' मिशन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई और यात्रियों को सुरक्षित, स्वच्छ और अनुकूल यात्रा वातावरण उपलब्ध कराने का संकल्प व्यक्त किया।

### पूर्व रेलवे ने रामपुरहाट-पाकुड़ सेक्शन में चलाया सघन टिकट जांच अभियान

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे ने यात्रियों में अनुशासन कायम रखने और टिकट रहित यात्रा पर रोक लगाने के उद्देश्य से 28 अगस्त को रामपुरहाट-पाकुड़ सेक्शन में विशेष सघन टिकट जांच अभियान चलाया। सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक चले इस अभियान का नेतृत्व प्रिंसिपल चीफ कमर्शियल मैनेजर (पीसीसीएम) ने किया, उनके साथ हावड़ा डिवीजन के डिविजनल कमर्शियल मैनेजर भी मौजूद रहे। अभियान में 4 कमर्शियल इंस्पेक्टर, 17 ट्रैवलिंग टिकट एग्जामिनर (टीटीई) और 11 रेलवे प्रोटेक्शन फोर्स (आरपीएफ) कर्मियों की टीम शामिल थी। टीम ने स्टेशन परिसरों और ट्रेनों दोनों में व्यापक जांच की। इस दौरान कुल 368 मामलों में अनियमितताएं पाई गईं, जिनमें 144 यात्री बिना टिकट यात्रा करते पकड़े गए। अभियान से 1,66,260 का जुर्माना वसूल किया गया। पीसीसीएम ने यात्रियों से अपील की कि वे सदैव वैध टिकट लेकर ही यात्रा करें ताकि असुविधा और दंड से बचा जा सके। उन्होंने कहा कि सुचारू रेल संचालन के लिए जनसहयोग अत्यंत आवश्यक है।

### चिरेका में राष्ट्रीय खेल दिवस पर तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिता शुरू



**चित्तरंजन :** राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर चिरेका खेलकूद संगठन द्वारा शुक्रवार को तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। आर्चरी अकादमी मैदान में महाप्रबंधक एवं संरक्षक खेलकूद संगठन विजय कुमार और चिरेका महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा किरण बधान ने स्पोर्ट्स फ्लैग फहराकर प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। इस मौके पर महाप्रबंधक ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि सभी खिलाड़ी अपने प्रदर्शन से चिरेका और देश का नाम रोशन करें। पहले दिन महिला और पुरुष वर्ग में तीरंदाजी, बैडमिंटन, बिलियर्ड्स, चेस और टेबल टेनिस प्रतियोगिताएँ हुईं। बड़ी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद रहे और खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया। तीन दिवसीय इस आयोजन में विभिन्न उम्र वर्गों के लिए कुल सात खेलों – तीरंदाजी, बैडमिंटन, बिलियर्ड्स, चेस, फुटबॉल, टेबल टेनिस और वॉलीबॉल – की प्रतियोगिताएँ होंगी। समापन दिवस 31 अगस्त को विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया जाएगा।

### वेदांत कॉलेज में स्टार्ट-अप समिट 2025 का आयोजन, छात्रों में नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा




**कोलकाता, समाज्ञा :** वेदांत कॉलेज ने इंस्टिट्यूशन इनोवेशन काउंसिल (आईआईसी) और रोटरी कोलकाता बेनेवोलेंस के सहयोग से स्टार्ट-अप समिट 2025 का उद्घाटन किया। बीबीए विभाग द्वारा आयोजित इस दिवसीय कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को प्रोत्साहित करना था। इस कार्यक्रम का मार्गदर्शन असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. सानिया सामी और असिस्टेंट प्रोफेसर सौविक सरदार ने किया। समिट का शुभारंभ परंपरागत दीप प्रज्वलन समारोह के साथ किया गया, जिसमें कॉलेज की प्राचार्य डॉ. कीर्ति, गणमान्य अतिथि और संकाय सदस्य उपस्थित रहे। पहले दिन के कार्यक्रम में प्रमुख वक्ताओं अनुराग अग्रवाल, डॉ. देबतनु बर्मन, कौशिक सेन और प्रसुन दास ने मेंटर सत्रों के माध्यम से छात्रों को उद्यमिता, फंडिंग और नवाचार के अनुभव साझा किए। इस सत्र का संचालन छात्रों आस्था गुप्ता और नेहा अग्रवाल ने किया। दिन के दौरान रोटरी कोलकाता बेनेवोलेंस के अध्यक्ष तरकजीत साहा भी समिट में शामिल हुए और छात्रों को नवाचार और सामाजिक जिम्मेदारी की दिशा में प्रेरित करने के लिए इस पहल की सराहना की। विशेष अतिथि चंदन गुप्ता और शारदा चक्रवर्ती ने भी छात्रों को व्यक्तिगत करियर लक्ष्यों से परे सोचने और उद्यमिता के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में योगदान देने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. कीर्ति सिंह ने कहा, वेदांत कॉलेज अपने छात्रों को शैक्षणिक ज्ञान से परे सोचने और नवाचार को जीवन का हिस्सा बनाने के अवसर प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। स्टार्ट-अप समिट 2025 केवल एक कार्यक्रम नहीं बल्कि एक आंदोलन है, जो युवा मस्तिष्कों को विचारों को प्रभावशाली उद्यमों में बदलने के लिए प्रेरित करता है। इस समिट का दूसरा दिन 28 अगस्त को प्रदर्शनी और पोस्टर प्रतियोगिता के साथ जारी रहेगा।

### कोल इंडिया मुख्यालय में राष्ट्रीय खेल दिवस पर मेजर ध्यानचंद को श्रद्धांजलि




**कोलकाता, समाज्ञा :** राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर कोल इंडिया लिमिटेड ने हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कोलकाता स्थित कॉर्पोरेट मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में निदेशक (मानव संसाधन) डॉ. विनय रंजन, निदेशक (वित्त) मुकेश अग्रवाल, निदेशक (तकनीकी) अच्युत घाटक, निदेशक (व्यवसाय विकास) आशीष कुमार और मुख्य सतर्कता अधिकारी बृजेश कुमार त्रिपाठी सहित वरिष्ठ अधिकारियों ने पुष्प अर्पित कर महान खिलाड़ी को नमन किया। इस अवसर पर डॉ. विनय रंजन ने कर्मचारियों को फिट इंडिया प्रतिज्ञा दिलाई और स्वस्थ, सक्रिय जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि फिटनेस केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य ही नहीं बल्कि कार्यक्षमता और संगठनात्मक प्रगति के लिए भी आवश्यक है। फोर्टिस अस्पताल के परामर्शदाता आर्थोपेडिक डॉ. गौरव गुप्ता ने कर्मचारियों को सही मुद्रा, गतिशीलता, जोड़ों की देखभाल और नियमित व्यायाम के महत्व पर मार्गदर्शन दिया। उन्होंने जीवनशैली संबंधी रोगों से बचाव में शारीरिक गतिविधियों की अहमियत पर भी प्रकाश डाला। इसके साथ ही, कर्मचारियों के लिए कई खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें सहभागिता, उत्साह और आपसी सौहार्द झलका। इन गतिविधियों ने फिट इंडिया आंदोलन की भावना को जीवंत किया और कोल इंडिया की स्वस्थ एवं ऊर्जावान कार्यसंस्कृति को आगे बढ़ाया।

न्यूज ब्रीफ

### ममता बनर्जी ने नजरुल इस्लाम की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

**कोलकाता :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शुक्रवार को कवि नजरुल इस्लाम की पुण्यतिथि पर उन्हें नमन किया और कहा कि उनका जीवन, आदर्श और साहित्य आज भी लोगों के दिलों में जीवित है। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखे संदेश में कवि की प्रसिद्ध पंक्ति बल बीर चीर उन्नत मम शिर उद्धृत करते हुए कहा कि नजरुल की धर्मनिरपेक्षता और मानवीय मूल्य ही समाज को नई दिशा देने का कार्य कर रहे हैं और उनकी सरकार उन्हीं आदर्शों को आगे बढ़ा रही है। मुख्यमंत्री ने याद दिलाया कि राज्य सरकार ने कवि की स्मृति को सहेजने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। आसनसोल के पास काज़ी नजरुल विश्वविद्यालय की स्थापना, अंडाल के ग्रीनफील्ड हवाईअड्डे का नाम बदलकर काज़ी नजरुल इस्लाम अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा रखना, 'नजरुल तीर्थ' और 'पश्चिम बंगाल काज़ी नजरुल इस्लाम अकादमी' का निर्माण, तथा कोलकाता मेट्रो के कई स्टेशनों को कवि के नाम से जोड़ना इन्हीं प्रयासों का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि अकादमी से कवि पर लगातार शोधपरक पुस्तकें भी प्रकाशित की जा रही हैं। ममता बनर्जी ने अपने संदेश में यह भी स्पष्ट किया कि आज के दिन उनका संकल्प है कि रवींद्र-नजरुल की भाषा बांग्ला का अपमान किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इसके प्रतिकार के लिए जो भी कदम उठाने होंगे, राज्य सरकार उठाएगी।

### निवा बूपा ने पेश किया रीएश्योर 3.0

**कोलकाता :** निवा बुपा हेल्थ इंश्योरेंस ने अपने लेटेस्ट फ्लैगशिप प्रोडक्ट री-अश्योर 3.0 की लॉन्चिंग की घोषणा की है। अनलिमिटेड बेस सम इंश्योर्ड की शुरुआत के साथ, री-अश्योर 3.0 उस दौर का अंत कर देगा जहां हेल्थ इंश्योरेंस में इनोवेशन सिर्फ बढ़ते इलाज खर्चों से निपटने के लिए नो-क्लेम बोनस, फैमिली फ्लोटर प्लान, बेस सम इंश्योर्ड का रिस्टोरेशन/रीइंस्टेटमेंट, बची हुई सम इंश्योर्ड को आगे ले जाना और सप्लीमेंट्री टॉप-अप प्लान जैसे फीचर्स तक सीमित था। लॉन्च पर निवा बुपा के डायरेक्टर और सीओओ, डॉ. भबतोष मिश्रा ने कहा: निवा बुपा में हम हमेशा सीमाओं को चुनौती देने और ग्राहकों के लिए इनोवेशन लाने का प्रयास करते हैं। री-अश्योर 3.0 के साथ हम सम इंश्योर्ड पर अंतिम समाधान लेकर आए हैं – अनलिमिटेड कवरेज, बिना किसी सीमा के।

### भारत में लॉन्च हुआ वीवो टी4 प्रो कीमत 27,999 से शुरू

**नई दिल्ली :** वीवो ने अपना नया पावरफुल स्मार्टफोन वीवो टी4 प्रो लॉन्च किया है, जो बेहतरीन कैमरा क्वालिटी, दमदार परफॉर्मेंस, प्रीमियम मजबूती और शानदार डिजाइन का बेहतरीन कॉम्बिनेशन है। यह फोन खासतौर पर उन लोगों के लिए बनाया गया है जो हमेशा एक्टिव रहते हैं – चाहे आप अपने नए शौक तलाश रहे हों, अपने सपनों की ओर बढ़ रहे हों या चलते-फिरते यादें कैद कर रहे हों, ये फोन हर कदम पर आपके साथ है। लॉन्च के मौके पर वीवो इंडिया के चीफ़ बिज़नेस ऑफ़िसर, ऑनलाइन बिज़नेस, पंकज गांधी ने कहा, टी4 प्रो के साथ हम अपने सीरीज़ टी पोर्टफोलियो की उस सोच को और मज़बूती दे रहे हैं, जिसे खासतौर पर उन कस्टमर्स के लिए बनाया गया है जो हाई परफॉर्मेंस और स्टाइलिश डिज़ाइन के बीच एक बेहतरीन संतुलन चाहते हैं।

## मारवाड़ी सम्मेलन के वरिष्ठ निवर्तमान राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं पूर्व राष्ट्रीय महामंत्री भानीराम सुरेका को श्रद्धांजलि



**कोलकाता, समाज्ञा :** अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन के केंद्रीय कार्यालय सभागार में सम्मेलन के वरिष्ठ सदस्य, निवर्तमान राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं पूर्व राष्ट्रीय महामंत्री भानीराम सुरेका के निधन पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। इस अवसर पर राष्ट्रीय पदाधिकारियों, पूर्व अध्यक्षों और समाजसेवियों ने पुष्पांजलि अर्पित कर उनके योगदान को याद किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव कुमार लोहिया ने कहा कि भानीराम जी पद पर न रहते हुए भी सदैव मार्गदर्शक रहे। पूर्व अध्यक्ष सीताराम शर्मा ने कहा कि उनका जीवन मारवाड़ी सम्मेलन को समर्पित था। नंदलाल रूंगटा ने उन्हें समाज की अपूरणीय क्षति बताया। रामअवतार पोद्दार ने उन्हें छोटे भाई समान बताया। प्रह्लाद राय अग्रवाला ने उनके मिलनसार व मृदुल स्वभाव को याद किया। सम्मेलन के कई पदाधिकारी ऑनलाइन माध्यम से भी जुड़े और उन्हें समाजसेवा का आदर्श बताया। राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष केदार नाथ गुप्ता ने शोक प्रस्ताव पढ़ा। उपस्थित सभी सदस्यों ने एकस्वर से कहा कि भानीराम जी की सेवाभावना सदैव प्रेरणा देती रहेगी।

## जेआईएस यूनिवर्सिटी में इंडक्शन प्रोग्राम के साथ नए शैक्षणिक सत्र 2025-26 का शुभारंभ

**कोलकाता, समाज्ञा :** जेआईएस ग्रुप एजुकेशनल इनिशिएटिव्स के अंतर्गत संचालित प्रतिष्ठित संस्थान जेआईएस यूनिवर्सिटी ने धनो धन्य ऑडिटोरियम में आयोजित इंडक्शन प्रोग्राम 2025-26 के माध्यम से नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत की। इस अवसर पर नवप्रवेशी छात्रों का स्वागत करते हुए उन्हें ज्ञान, अनुशासन और नेतृत्व की दिशा में अग्रसर होने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों की प्रमुख हस्तियों ने शिरकत की। इनमें सिसिर राडार के संस्थापक एवं इसरो के स्पेस एप्लीकेशन सेंटर के पूर्व निदेशक प्रो. तपन मिश्रा, भारतीय फुटबॉलर गौतम सरकार, हयात सेंट्रिक कोलकाता के जनरल मैनेजर ग्लेन डिसूजा, विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डॉ.) भास्कर गुप्ता, जेआईएस ग्रुप के प्रबंध निदेशक




सरदार तरनजीत सिंह और निदेशक सरदार सिमरप्रीत सिंह शामिल रहे। अपने संबोधन में वक्ताओं ने छात्रों को नवाचार, अनुशासन और अनुकूलनशीलता को जीवन का आधार बनाने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि शिक्षा, उद्योग, विज्ञान और संस्कृति का संगम ही विद्यार्थियों को सक्षम और वैश्विक नागरिक बना सकता है। इस अवसर पर जेआईएस ग्रुप के प्रबंध निदेशक सरदार तरनजीत सिंह ने कहा कि इंडक्शन केवल परिचयात्मक कार्यक्रम नहीं, बल्कि एक रूपांतरण यात्रा का आरंभ है। हमारा उद्देश्य है कि हर छात्र आत्मविश्वासी, रचनात्मक और नेतृत्व गुणों से परिपूर्ण होकर चुनौतियों का सामना करे और

## जीएसआई पूर्वी क्षेत्र ने राष्ट्रीय खेल दिवस 2025 पर उत्साह से बढ़ाया फिटनेस और एकता संदेश

**कोलकाता, समाज्ञा :** भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (जीएसआई), पूर्वी क्षेत्र ने शुक्रवार को अपने कोलकाता स्थित मुख्यालय में राष्ट्रीय खेल दिवस उत्साह और जोश के साथ मनाया। यह आयोजन हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती के उपलक्ष्य में किया गया, जिन्हें खेल उत्कृष्टता के प्रतीक के रूप में पूरे देश में सम्मानित किया जाता है। इस अवसर पर कार्यस्थल को खेल और उमंग के माहौल में बदल दिया गया, जहां विभिन्न विभागों के कर्मचारी आउटडोर गेम्स और टीम-बिल्डिंग गतिविधियों में शामिल हुए। इस पहल का उद्देश्य फिटनेस, अनुशासन, टीम भावना और मानसिक चुस्ती को बढ़ावा देना रहा। कार्यक्रम का उद्घाटन जीएसआई (ईआर) की अतिरिक्त महानिदेशक एवं



विभागाध्यक्ष वर्षा अशोक अग्रवाल ने किया। उन्होंने कहा कि खेल राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया में लोगों को एक सूत्र में बांधने और देशभक्ति की भावना जगाने का सशक्त माध्यम है। भारतीय खेल प्राधिकरण (एसएआई) से आए खिलाड़ी के. सुरेश बाबू और कृष्ण मोहंती ने खेल और कार्य-जीवन संतुलन पर अपने विचार साझा किए। कर्मचारियों ने पूरे उत्साह के साथ खेलों में भाग लिया और विजेताओं को सम्मानित किया गया। आयोजन का मुख्य संदेश भागीदारी और कार्यस्थल पर सक्रिय एवं स्वस्थ संस्कृति को प्रोत्साहित करना रहा।

## बंगाल भाजपा के चर्चित नेता पर 100 करोड़ की अवैध संपत्ति का आरोप

❑ **शिकायत पहुँची अमित शाह तक**

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल भाजपा के एक परिचित चेहरे पर 100 करोड़ रुपये से अधिक की अवैध संपत्ति अर्जित करने का आरोप लगा है। मामले की शिकायत और संबंधित दस्तावेज केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा को भेजे गए हैं।

सूत्रों के अनुसार, राज्य भाजपा के महत्वपूर्ण पद पर आसीन इस नेता के खिलाफ पार्टी के ही एक सदस्य ने शिकायत दर्ज कराई है। आरोप लगाया गया है कि पिछले तीन वर्षों (2022, 2023 और 2024) में भारी कर्ज के बोझ तले दबे रहने के बावजूद नेता और उनके परिजनों ने 100 करोड़ रुपये से अधिक की जमीन और संपत्ति खरीदी।

**शिकायतकर्ता ने तीन मुख्य बिंदुओं पर जांच की मांग की है–**

❑ संपत्ति खरीद में इस्तेमाल धन के स्रोत का पता लगाया जाए।

❑ क्या पार्टी पद या राजनीतिक प्रभाव का इस्तेमाल कर इतनी संपत्ति खरीदी गई, इसकी जाँच हो।

❑ शीर्ष नेताओं की भूमिका भी परखी जाए, जो कथित तौर पर इस नेता को संरक्षण दे रहे हैं।

इससे पहले शिकायत सीबीआई और ईडी को भी दी गई थी। अब यह मामला अमित शाह और जे.पी. नड्डा तक पहुँचने के बाद और गंभीर माना जा रहा है। पार्टी के अंदरूनी सूत्रों का कहना है कि यह विवाद भाजपा संगठन के भीतर बड़े असर डाल सकता है।

## श्री सिद्धिविनायक देवस्थानम में अलौकिक दर्शन, भजन संध्या

### भजनों की अमृत वर्षा से श्रद्धालु भाव विभोर

**कोलकाता :** श्री सिद्धिविनायक देवस्थानम में 4 दिवसीय श्री गणेश चतुर्थी महोत्सव में मन्दिर के ट्रस्टी राधेश्याम अग्रवाल, राधेश्याम गोयनका ने प्रतिदिन अभिषेक, मनमोहक अलौकिक श्रृंगार, गणेश पंचायतन हवन, दूर्वाचन, आरती एवं धार्मिक कार्यक्रमों में उपस्थित रह कर पुण्य अर्जित करने का निवेदन श्रद्धालु भक्तों से किया। भगवान श्री-गणेश के अलौकिक दर्शन कर राज्य की मंत्री डॉ. शशि पांजा, समाजसेवी दिनेश बजाज एवम् हजारों छात्र – छात्राओं सहित श्रद्धालु भक्तों ने पूजा – अर्चना की। सनातन हिन्दू धर्म में मान्यता है भगवान श्रीगणेश की कृपा से श्रद्धालु भक्तों की मनोकामना पूर्ण होती है, भक्तों के जीवन में सुख – शांति रहती है। सुशील गोयनका ने बताया भजन गायक शुभम, रूपम, मान्या अरोड़ा, कौशिक चक्रवर्ती, संजीव सियाल, अभय मिश्रा, श्याम



अग्रवाल महोत्सव में भजन संध्या, भजनों की अमृतवर्षा से श्रद्धालु भक्तों को भाव विभोर कर रहे हैं। राजकुमार गोयनका, प्रदीप नैयर, सुभाष मुरारका, देवकीनंदन गुप्ता, बनवारीलाल चौधरी, राजकुमार कटारूका, आलोक बेनीरामका, सुनील अग्रवाल, उदय चौधरी, गोपाल भालोटिया, कमल सराफ, शैलेश बाजला, सुभाष सराफ, अर्जुन धवन एवं कार्यकर्ता महोत्सव की सफलता के लिये सक्रिय हैं।

## पूर्व रेलवे : विभिन्न स्टेशनों पर एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहराव

**कोलकाता, समाज्ञा**

यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पूर्व रेलवे ने अगस्त माह से 10 एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहराव सालार, पांडाबेस्वर, अंडाल, अंबिका कलना, महिपाल रोड और त्रिवेणी स्टेशनों पर प्रदान किया है।

■ **नए ठहराव इस प्रकार हैं:**

❑ 13170 सहरसा-सियालदह हाटे बजारे एक्सप्रेस : सालार (आगमन/प्रस्थान- 01:35/01:37 बजे)

❑ 15721 दीघा-न्यू जलपाईगुड़ी एक्सप्रेस : सालार (00:34/00:36 बजे)

❑ 13142 न्यू अलीपुरद्वार सियालदह तीस्ता तोर्षा एक्सप्रेस : सालार (23:17/23:19 बजे)

❑ 13403 रांची-भागलपुर वनांचल एक्सप्रेस : पांडाबेस्वर (01:54/01:56 बजे)

❑ 13019 हावड़ा-काठगोदाम बाघ एक्सप्रेस : अंडाल (00:39/00:41 बजे)

❑ 13404 भागलपुर-रांची वनांचल एक्सप्रेस : पांडाबेस्वर (01:17/01:19 बजे)

❑ 13164 सहरसा-सियालदह हाटे बजारे एक्सप्रेस: अंबिका कलना (02:50/02:52 बजे)

❑ 13034 कटिहार-हावड़ा एक्सप्रेस : अंबिका कलना (23:54/23:55 बजे)

❑ 13033 हावड़ा-कटिहार एक्सप्रेस : महिपाल रोड (04:14/04:16 बजे)

❑ 13034 कटिहार-हावड़ा एक्सप्रेस : त्रिवेणी (00:40/00:41 बजे)

■ **इसके अतिरिक्त निम्नलिखित ट्रेनों का ठहराव भी निर्धारित किया गया है:**

❑ 68061 आद्रा-आसनसोल मेमू : रामकनाली, मधुकुंडा, जॉयचंडी पहाड़, बेरो (01.09.2025 से)

❑ 22644 पटना-एर्नाकुलम एक्सप्रेस : जलेश्वर (05.09.2025 से), बर्नपुर (04.09.2025 से)

❑ 22643 एर्नाकुलम-पटना एक्सप्रेस : बर्नपुर (03.09.2025 से)

❑ 18450 पटना-पुरी एक्सप्रेस : बर्नपुर (03.09.2025 से)

❑ 18449 पुरी-पटना एक्सप्रेस : बर्नपुर (02.09.2025 से)

❑ 15930 न्यू तिनसुकिया-ताम्ब्रम एक्सप्रेस : बर्नपुर (02.09.2025 से)

❑ 15929 तांबरम-न्यू तिनसुकिया एक्सप्रेस : बर्नपुर (06.09.2025 से)

❑ 15630 सिलघाट टाउन-तांबरम एक्सप्रेस : बर्नपुर (06.09.2025 से)

❑ 15629 ताम्ब्रम-सिलघाट टाउन एक्सप्रेस : बर्नपुर (03.09.2025 से)

❑ 13417 दीघा-मालदह टाउन एक्सप्रेस : तमलुक, पांसकुड़ा, कांथि एफ.एस. (05.09.2025 से)

❑ 13288 आरा-दुर्ग एक्सप्रेस : कंद्रा व बर्नपुर (01.09.2025 से)

❑ 13287 दुर्ग-आरा एक्सप्रेस : कंद्रा व बर्नपुर (01.09.2025 से)

पूर्व रेलवे ने बताया है कि इन अतिरिक्त ठहरावों से यात्रियों को बड़ी राहत मिलेगी। अन्य मार्गों पर ट्रेनों के समय में कोई परिवर्तन नहीं किया गया है।

## श्री सिद्धिविनायक भक्त मंडल ने नींबू तल्ला में मनाया 25वां गणेश महोत्सव, अगले वर्ष होगा भव्य आयोजन

**कोलकाता, समाज्ञा :** श्री श्री सिद्धिविनायक भक्त मंडल द्वारा नींबू तल्ला चौक स्थित कोठारी पार्क में 25वां गणेश महोत्सव श्रद्धा और धूमधाम के साथ आयोजित किया गया। इस अवसर पर संस्था के चेयरमैन सुशील कोठारी, संस्थापक जनार्दन अग्रवाल, सभापति मुन्ना सिंह, सह सचिव राजेंद्र कोठारी , सज्जन शर्मा, अरुण चौरसिया, मधुसूदन सफड़, विशाल कोठारी और हरिनारायण भट्टड़ सहित मंडल के अनेक पदाधिकारी और सदस्य मौजूद रहे। चेयरमैन सुशील कोठारी ने कहा कि मंडल लगातार 25 वर्षों से गणेश महोत्सव का आयोजन कर रहा है। इस बार संस्था की सिल्वर जुबली थी, जिसे विशेष रूप से मनाने की योजना बनाई गई थी, किंतु गणेशजी की कृपा और परिस्थितियों को देखते हुए निर्णय



लिया गया कि भव्य उत्सव वर्ष 2026 में 'सिल्वर जुबली वर्ष' के रूप में आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि भगवान गणेश की इच्छा सर्वोपरि है और मंडल हमेशा उसी भाव से सेवा करता रहेगा। संस्थापक जनार्दन अग्रवाल ने कहा कि मंडल की यह पहचान वर्षों की मेहनत और लगन का परिणाम है। उन्होंने विशेष रूप से सज्जन शर्मा के योगदान का आभार जताया। कार्यक्रम के दौरान सुशील कोठारी भावुक हो उठे और उन्होंने कहा कि कठिन स्वास्थ्य परिस्थितियों में भी वरिष्ठ सदस्यों ने मंडल की जिम्मेदारियों को बखूबी निभाया। उन्होंने सभी सदस्यों का आभार जताते हुए उपस्थित भक्तों से जय श्री गणेश का उद्घोष कराया। पूजन-अर्चन के बाद पूरा वातावरण भक्तिमय और उल्लासपूर्ण हो उठा। अंत में मंडल ने संकल्प लिया कि अगले वर्ष सिल्वर जुबली का आयोजन भव्य स्तर पर किया जाएगा।

## हावड़ा-बेंगलुरु दुरंतो एक्सप्रेस बड़े हादसे से बाल-बाल बची

**हावड़ा :** हावड़ा-बेंगलुरु 12245 दुरंतो एक्सप्रेस शुक्रवार सुबह देउलती और कोलाघाट के बीच एक बाइक से टकरा गई। घटना के समय बाइक रेलवे लाइन पार कर रही थी, जबकि इस स्थान पर कोई क्रॉसिंग नहीं है। अचानक टक्कर के कारण



ट्रेन में सवार यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। दक्षिण पूर्व रेलवे के अधिकारियों ने बताया कि हादसा लगभग 11:41 बजे हुआ। हल्की चिंगारी निकलने के बावजूद इसे तुरंत काबू में कर लिया गया। घटना के कारण ट्रेन करीब एक घंटे की देरी के बाद 12:40 बजे बेंगलुरु के लिए रवाना हुई। बाइक छोड़कर भागे युवक की बाइक रेलवे पुलिस ने जब्त कर ली है। इस पूरे मामले की जांच शुरू कर दी गई है। रेलवे ने चेतावनी दी है कि लोग बार-बार रेलवे लाइन पार कर रहे हैं, जिससे उनकी और यात्रियों की सुरक्षा खतरे में पड़ रही है। रेलवे ने पुष्टि की है कि कोई बड़ा नुकसान या घायल नहीं हुआ। इसके बाद, ट्रेन सुरक्षित रूप से बेंगलुरु के लिए रवाना हो गई।

# 'किसी का मताधिकार नहीं छीना जाएगा'

## सीईओ कार्यालय में सर्वदलीय बैठक में तृणमूल ने रखी निष्पक्षता की मांग

**कोलकाता :** कोलकाता में राज्य चुनाव आयोग कार्यालय में शनिवार को हुई सर्वदलीय बैठक में तृणमूल कांग्रेस ने स्पष्ट किया कि किसी भी नागरिक का मताधिकार छीना नहीं जा सकता। पार्टी ने आयोग से चुनाव प्रक्रिया में पूर्ण निष्पक्षता बनाए रखने की मांग की।



बैठक में तृणमूल की ओर से मंत्री अरूप विश्वास और सांसद पार्थ भौमिक सहित तीन प्रतिनिधि मौजूद थे। कांग्रेस और भाजपा के भी तीन-तीन प्रतिनिधि आए, जबकि माकपा के दो नेता बैठक में शामिल हुए। बैठक के दौरान मामूली हंगामे की भी खबर मिली।

इस मौके पर कांग्रेस ने एसआईआर (स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन) का कड़ा विरोध जताया। उनके प्रतिनिधि 'नो एसआईआर' लिखे प्लेकार्ड लेकर पहुंचे। हालांकि, राज्य मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनोज अग्रवाल ने साफ कहा कि फिलहाल मतदाता सूची में विशेष संशोधन (एसआईआर) का कोई कार्यक्रम नहीं है, इसलिए इस पर चर्चा भी अप्रासंगिक है।

बैठक का मुख्य एजेंडा बूथ पुनर्बिन्यास था। आयोग ने नई गाइडलाइन जारी करते हुए कहा कि अब एक बूथ पर अधिकतम 1200 मतदाता होंगे, जबकि पहले यह संख्या 1500 थी। अतिरिक्त मतदाताओं के लिए नए बूथ बनाए जाएंगे। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए मंत्री अरूप विश्वास ने कहा, हमारी कोई आपत्ति नहीं है, बस यह सुनिश्चित होना चाहिए कि मतदाता का बूथ उसके घर के निकट हो। किसी भी तरह मतदाताओं की संख्या घटाई नहीं जानी चाहिए।

भाजपा नेता शिशिर बाजोरिया ने बैठक में आरोप लगाया कि बूथ पुनर्बिन्यास और बीएलओ की सूची पारदर्शी तरीके से साझा नहीं की गई। उन्होंने कहा, 40% अस्थायी कर्मचारियों को बीएलओ बनाया गया है ताकि चुनाव में धांधली की जा सके।

माकपा नेता शमिक लाहिड़ी ने आरोप लगाया कि कई जिलों से गलत रिपोर्ट भेजी गई है और वास्तविक आंकड़े छिपाए जा रहे हैं। इस तरह निष्पक्ष चुनाव संभव नहीं।

कांग्रेस नेता आशुतोष चट्टोपाध्याय ने कहा, हमने शुरू से ही कहा था कि बंगाल में राजनीतिक एसआईआर नहीं होगा। आज भी हमने यही मांग दोहराई है।

कुल मिलाकर, सभी विपक्षी दलों ने बूथ पुनर्बिन्यास और पारदर्शिता पर जोर दिया, जबकि तृणमूल ने साफ कहा कि मतदाता सूची से किसी का नाम नहीं काटा जाएगा और मताधिकार सुरक्षित रहना चाहिए।

## तृणमूल नेता कुणाल घोष के मानहानि मामले में कोर्ट ने आरजी कर पीड़िता के पिता को भेजा नोटिस

**कोलकाता :** कोलकाता की बैंकशाल कोर्ट ने आर.जी. कर मेडिकल कॉलेज की दिवंगत डॉक्टर के पिता को मानहानि मामले में नोटिस जारी किया है। यह मामला तृणमूल कांग्रेस के राज्य महासचिव और प्रवक्ता कुणाल घोष की ओर से दायर किया गया है। कोर्ट ने पीड़िता के पिता को 11 सितम्बर, 2025 को सुबह 10:30 बजे पेश होने का निर्देश दिया है। कुणाल घोष ने शुक्रवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' के जरिए जानकारी दी कि उन्होंने पीड़िता के पिता द्वारा लगाए गए कथित झूठे और अपमानजनक आरोपों को लेकर कानूनी कार्रवाई शुरू की है। घोष ने कहा कि मैंने मानहानि का मामला दर्ज किया है। मेरे वकील अयन चक्रवर्ती ने कानूनी नोटिस भेजा है। माननीय 15वें न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत ने नोटिस जारी किया है। उन्हें या उनके वकील को 11 सितम्बर को कोर्ट में उपस्थित होना होगा। गौरतलब है कि 20 अगस्त को घोष ने ऐलान किया था कि वे पीड़िता के पिता पर मानहानि का केस करेंगे। पीड़िता के पिता ने आरोप लगाया था कि कुणाल घोष ने आर.जी. कर कांड की सीबीआई जांच को कथित तौर पर राज्य सरकार के पक्ष में निपटाने के लिए पैसे दिए और इसके लिए वे सीजीओ कॉम्प्लेक्स स्थित सीबीआई दफ्तर भी गए थे। घोष ने कहा कि उन्होंने पहले भी पीड़िता के पिता को माफी मांगने का नोटिस भेजा था, लेकिन जब उन्होंने ऐसा नहीं किया, तब यह मामला दर्ज किया गया। घोष ने कहा कि वह लगातार बयान दे रहे हैं, अदालत से लेकर भाजपा के नवान्न अभियान तक जा रहे हैं। ऐसे में उन्हें अदालत में खुद आकर अपने आरोपों का सबूत देना चाहिए। अगर वे नहीं आते तो यह साबित होगा कि उनके आरोप झूठे हैं। मैं इस मामले में एक और केस दर्ज करूंगा।


**Tender Notice**

Prodhan, Ramchandrakhali Gram Panchayat has invited Tender for 2(two) different works from CFCG fund and 1(One) work from SBM(G) Fund through e-Tender. The detailed information will be available at said Gram Panchayat Office www.wbtenders.gov.in website till 08/09/2025 and 15/09/2025.

Sd/-
Prodhan,
Ramchandrakhali Gram Panchayat

**NAME CHANGE**

I, **SADANANDA BHUNDARI** son of JOYDEB BHANDARI of Ambalika House, East Mayapalli, Ichapur, P.O-Ichapur Nawabganj, P.S-Noapara, Dist- North 24 Parganas, West Bengal -743144, do declare that in the Birth Certificate of my said son namely DEBARGHA BHANDARI, my name with surname has inadvertently been recorded as SADANANDA BHANDARI in place of my correct name spelt SADANANDA BHUNDARI and I do want to rectify and record my name with surname as **SADANANDA BHUNDARI** in place of SADANANDA BHANDARI in the Birth Certificate of my son DEBARGHA BHANDARI, being Regd. No. 216, Dt. 18/04/2013, Certificate S1. NO. 216/2013, Dt. 28th May, 2013 issued by Registrar Birth & Death, Chief Executive Officer, Bareilly Cantt, Uttar Pradesh, to that effect I have sworn an Affidavit before the Judicial Magistrate 1st Class Barrackpore, vide Sl. No. 73, Dated. 07/07/2025.

**NAME CHANGE**

I, **BARSA BALMIKI** w/o Sri Akash Balmiki of 40, Murgi Mahal, Sadar Bazar, P.O. & P.S- Barrackpore, Dist- North 24 Parganas, Kolkata- 700120, West Bengal, do declare that in the Birth Certificate of my daughter namely **SANJANA BALMIKI**, (DOB-21/06/2011), my name had inadvertently been recorded as **BARSHA BALMIKI** in place of my correct name **BARSA BALMIKI**, I have recently rectified my name in her birth certificate to that effect I have also sworn an Affidavit before the Judicial Magistrate 1st Class Barrackpore, vide Sl. No. 81, Dated. 28/08/2025. And I declare that from today my name shall be known as BARSA BALMIKI daughter of SANJANA BALMIKI for all purposes includes her school authority.


## आरजी कर भ्रष्टाचार मामला : सीबीआई ने तृणमूल कांग्रेस विधायक अतिन घोष से पूछताछ की



**कोलकाता :** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने कोलकाता स्थित सरकारी आरजी कर चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल में कथित वित्तीय अनियमितता के मामले में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के विधायक अतिन घोष से शुक्रवार को करीब ढाई घंटे तक पूछताछ की। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। सीबीआई के दो अधिकारियों की टीम, सशस्त्र केंद्रीय अर्धसैनिक बलों की एक टुकड़ी के साथ अपराह्न करीब 2.15 बजे घोष के उत्तरी कोलकाता स्थित श्यामबाजार स्थित आवास पर पहुंची। सीबीआई पिछले साल संस्थान परिसर में एक स्नातकोत्तर प्रशिक्षु महिला चिकित्सक के साथ बलात्कार और हत्या के मामले के साथ-साथ इस मामले की भी जांच कर रही है। कोलकाता नगर निगम के उपमहापौर घोष श्रीरामपुर से विधायक सुदीप्तो रॉय के बाद मामले के संबंध में एजेंसी की पूछताछ का सामना करने वाले तृणमूल कांग्रेस के दूसरे विधायक हैं। पूछताछ के बाद बाहर आते हुए घोष ने कहा कि उन्होंने सीबीआई अधिकारियों द्वारा पूछे गए सभी सवालों के उत्तर दिए, लेकिन इस आधार पर कोई विवरण देने से इनकार कर दिया कि मामला न्यायालय में विचाराधीन है। जांच एजेंसी ने उनके बयान दर्ज किये। हालांकि, घोष ने पुष्टि की कि एजेंसी के प्रश्न अस्पताल की रोगी कल्याण समिति के कार्यों के इर्द-गिर्द थे। वह स्थानीय काशीपुर-बेलगछिया निर्वाचन क्षेत्र के विधायक होने के नाते इस समिति के पदेन सदस्य थे। घोष ने कहा, 'मैं वर्ष 2021 से स्थानीय विधायक हूं और आरजी कर रोगी कल्याण समिति की लगभग 8-10 बैठकों में भाग ले चुका हूं। समिति की सालाना तीन-चार बैठकें होती थीं और सीबीआई अस्पताल का प्रशासन चलाने में समिति की भूमिका और उसमें मेरी संलिप्तता के बारे में जानना चाहती थी।' एजेंसी के नोटिस को रोककर यह प्रमाणित किया गया कि विधायक से बीएनएसएस की धारा 179 के तहत मामले के गवाह के रूप में पूछताछ की गई थी। सीबीआई अधिकारी शाम करीब पांच बजे घोष के परिसर से बाहर चले गए। तृणमूल कांग्रेस के विधायक ने कहा, ''सीबीआई ने मुझे फोन करके बताया था कि वे इस मामले में मुझसे पूछताछ करना चाहते हैं। पहले तो मुझे उनकी बात पर यकीन नहीं हुआ क्योंकि आजकल जालसाजों के ऐसे ही फर्ज़ी फोन आते रहते हैं। मुझे इस बात का कोई अफसोस नहीं है कि एजेंसी मेरे घर आई।'' सीबीआई ने इस मामले में महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य संदीप घोष सहित पांच आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है और सभी फिलहाल कारागार में हैं।

## बाल हनुमान मंदिर से चोरी गये आभूषण बरामद, तीन गिरफ्तार



**कोलकाता :** श्री बाल हनुमान मंदिर, लेकटाउन से चोरी हुए सामान तो पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बरामद कर लिया। पुलिस ने इस मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है, जिनकी निशानदेही पर चोरी गये सामान बरमद किये गये। मंदिर में चोरी की घटना को लेकर लोगों के आक्रोश और भावनाओं को देखते हुए पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की। राज्य के दमकल मंत्री सुजीत बोस ने मंदिर जाकर घटना की जानकारी ली। मंदिर के चोरी हुए आभूषणों की बरामदगी के बाद लोगों ने राहत की सांस ली है और पुलिस का आभार जताया है।


**मेट्रो रेलवे, कोलकाता**

उप मुख्य विद्युत अभियंता/एम/ब्लू लाइन, मेट्रो रेलवे, कोलकाता भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित करते हैं : **कार्य का नाम:** मेट्रो रेलवे, कोलकाता के मेट्रो भवन के अग्रभाग में प्रकाश व्यवस्था की आपूर्ति, स्थापना, जांच तथा शुरुआत। **विज्ञापित मूल्य:** ₹ 1,12,36,668। **बंद होने की तारीख एवं समय:** 23.09.2025 को अपराह्न 3.00 बजे (भा.मा.स.)। **सूचना पट्ट का पता:** प्रधान मुख्य विद्युत अभियंता, मेट्रो रेलवे, 33/1, जे. एल. नेहरू रोड, कोलकाता-700071 का कार्यालय। **वेबसाइट का विवरण:** https://www.ireps.gov.in।

**निविदा संख्या : ईएलएम110आर_फसाड_ दिनांक 28-4-25**

हमें यहाँ देखें: /metrorailwaykol /metrorailkolkata

**NOTICE INVITING e-TENDER**

**Ref NIeT No: 425/B.C.W./2025-26 Date: 25.08.2025 (Sl. No. 01 to 03)**

E-Tender are invited from bonafied resourceful contractors for development works. For Scheme details, other Terms and Conditions please visit **www.wbtenders.gov.in**

Documents Download Date: From **25.08.2025** to **04.09.2025** up to **17.00 PM.** Bid Submission Date: **25.08.2025** to **04.09.2025** up to **17.30 PM.** Date of Technical Bid Opening: **08.09.2025** at **11:00 AM.**

Sd/-,
**Executive Officer**
**Chinsurah-Mogra Panchayet Samity**


## शराब पार्टी में विवाद के बाद युवक की हत्या, दोस्त गिरफ्तार



**हावड़ा :** हावड़ा के लिलुआ इलाके में गुरुवार रात शराब पार्टी के दौरान हुए विवाद ने खून-खराबे का रूप ले लिया। घटना में 26 वर्षीय एक युवक की हत्या हो गई। मृतक की पहचान स्थानीय निवासी सौविक दत्ता के रूप में हुई है, जो इलाके में एक उभरते फुटबॉलर के तौर पर जाने जाते थे। सूत्रों के अनुसार, सौविक गुरुवार रात लिलुआ के पटुआपाड़ा इलाके में अपने दोस्तों के साथ शराब पी रहे थे। इसी दौरान अमित रायचौधरी नामक युवक भी मौजूद था। अचानक दोनों के बीच किसी बात को लेकर तीखी कहासुनी शुरू हो गई। देखते ही देखते बहस हिंसक रूप ले ली और आरोप है कि अमित ने धारदार हथियार से सौविक पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल सौविक वहीं गिर पड़े। आनन-फानन में उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और रात में ही आरोपित अमित को गिरफ्तार कर लिया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है कि हत्या केवल शराब पार्टी में हुए विवाद का नतीजा थी या इसके पीछे कोई और गहरा कारण छिपा हुआ है। इधर, मृतक के परिवारजन आरोपित को कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग कर रहे हैं।

## मौसम विज्ञान विभाग ने उत्तर बंगाल में भारी वर्षा का अनुमान जताया

**कोलकाता :** भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने शुक्रवार को हवा के अनुकूल रुख और बंगाल की खाड़ी से नमी आने के कारण पश्चिम बंगाल में उपहिमालयी क्षेत्र के कुछ स्थानों पर भारी से बहुत अधिक वर्षा होने का अनुमान व्यक्त किया है, जिससे निचले इलाकों में जलभराव की आशंका है। आईएमडी ने कहा कि दक्षिण-पश्चिम मानसून उत्तर बंगाल में सक्रिय है जिसके फलस्वरूप शनिवार सुबह तक जलपाईगुड़ी और अलीपुरद्वार जिलों में भीषण वर्षा (सात से 20 सेमी) होने की संभावना है, जबकि दार्जिलिंग, कलिम्पोंग और कूच बिहार जिलों में भारी बारिश (सात से 11 सेमी) हो सकती है। विभाग ने कहा कि इसके बाद जलपाईगुड़ी और अलीपुरद्वार में रविवार सुबह तक भारी वर्षा होने की संभावना है, जबकि उत्तर बंगाल के अन्य स्थानों पर बिजली चमकने और तेज हवाएं चलने एवं बारिश होने की संभावना है। मौसम कार्यालय ने कहा कि अगले दो से तीन दिनों में हावड़ा, हुगली, उत्तर और दक्षिण 24 परगना, पूर्व और पश्चिम मेदिनीपुर और झारग्राम जिलों समेत दक्षिण बंगाल में एक या दो स्थानों पर बिजली चमकने के साथ बौछारें पड़ने की संभावना है। उसने दक्षिण-पश्चिम मानसून के उत्तर बंगाल में सक्रिय रहने का दावा करते हुए कहा कि वैसे तो उत्तर बंगाल के जलपाईगुड़ी, दार्जिलिंग और अलीपुरद्वार जिलों में अधिकतर स्थानों पर बहुत हल्की से मध्यम वर्षा हुई, लेकिन एक या दो स्थानों पर भारी से बहुत भारी वर्षा हुई। मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार, शुक्रवार सुबह साढ़े आठ बजे तक पिछले 24 घंटों में पश्चिम बंगाल में सबसे अधिक 107 मिमी बारिश जलपाईगुड़ी में दर्ज की गई, जबकि अलीपुरद्वार में 43 मिमी बारिश हुई।

## सांसद महुआ मोइत्रा का अमित शाह पर विवादित बयान, भाजपा ने दर्ज कराई शिकायत



**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस की लोकसभा सदस्य महुआ मोइत्रा द्वारा घुसपैठ के मुद्दे पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ की गई टिप्पणियों से विवाद खड़ा हो गया है। उन्होंने अमित शाह पर बांग्लादेश से घुसपैठ रोकने में विफल रहने का आरोप लगाते हुए कथित तौर पर कहा कि उनका 'सिर काटकर मेज पर रख देना चाहिए।' भाजपा ने इसपर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए मोइत्रा की टिप्पणी को 'अप्रिय और घृणास्पद' करार देते हुए आश्चर्य जताया कि क्या यह तृणमूल कांग्रेस का आधिकारिक रुख है।मोइत्रा ने पश्चिम बंगाल के नादिया जिले में बृहस्पतिवार को एक कार्यक्रम से इतर संवाददाताओं से बातचीत में आरोप लगाया कि केंद्र सरकार सीमा सुरक्षा पर अपनी जिम्मेदारियों से बच रही है।'पीटीआई-भाषा' हालांकि, उक्त वीडियो की प्रमाणिकता की पुष्टि नहीं करता। मोइत्रा ने कहा, 'वे बार-बार घुसपैठियों के बारे में बात कर रहे हैं। लेकिन भारत की सीमा की सुरक्षा पांच बलों द्वारा की जाती है, और यह सीधे तौर पर गृह मंत्रालय की जिम्मेदारी है।'तृणमूल सांसद ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्वतंत्रता दिवस के संबोधन का हवाला देते हुए कहा, 'लाल किले से खड़े होकर प्रधानमंत्री ने खुद कहा कि घुसपैठिए जनसांख्यिकीय बदलाव कर रहे हैं। लेकिन जब वह यह कह रहे थे, तब उनके गृह मंत्री अग्रिम पंक्ति में खड़े होकर मुस्कुरा रहे थे और ताली बजा रहे थे।' उन्होंने इसके बाद शाह पर व्यक्तिगत हमला करते हुए कहा, 'अगर हमारी सीमाओं की रक्षा करने वाला कोई नहीं है, अगर दूसरे देश के लोग हर दिन घुस रहे हैं, अगर हमारे नागरिक शिकायत करते हैं कि घुसपैठिए हमारी माताओं और बहनों पर नजर रख रहे हैं और हमारी जमीन छीन रहे हैं, तो सबसे पहले आपको अमित शाह का सिर काटकर अपनी मेज पर रखना चाहिए।' कृष्णानगर की लोकसभा सदस्य मोइत्रा ने कहा, 'जब गृह मंत्रालय और गृह मंत्री देश की सीमाओं की रक्षा नहीं कर सकते, और प्रधानमंत्री स्वयं कहते हैं कि घुसपैठिए हमारे लोगों को परेशान कर रहे हैं, तो फिर गलती किसकी है? क्या यह हमारी गलती है? या आपकी?' उन्होंने यह भी सवाल किया कि सीमा पर सीमा सुरक्षा बल की मौजूदगी के बावजूद घुसपैठ क्यों जारी है। मोइत्रा के बयान से विवाद पैदा हो गया है और भाजपा ने कृष्णानगर कोतवाली पुलिस थाने में इसे लेकर शिकायत दर्ज कराई है।

## कांग्रेस मुख्यालय पर भाजपा समर्थकों ने किया हमला, 6 गिरफ्तार




❑ **राज्य राजनीति में बढ़ा तनाव**

**कोलकाता, समाज्ञा :** बिहार में वोटर अधिकार यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी माता के खिलाफ अभद्र भाषा के प्रयोग के विवाद के बीच शुक्रवार को कोलकाता में प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर कुछ भाजपा समर्थक कार्यकर्ताओं ने हिंसक प्रदर्शन किया। भाजपा नेता राकेश सिंह के नेतृत्व में कार्यालय के बाहर तोड़फोड़ और आग लगाने का आरोप लगाया गया है। आरोप है कि लोकसभा विपक्षी नेता राहुल गांधी की तस्वीर सहित कई बैनर और पोस्टर फाड़े गए, कांग्रेस की झंडी में आग लगाई गई और पोस्टरों पर स्याही डाली गई। इस घटना के बाद कांग्रेस ने स्थानीय थाने में राकेश सिंह के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष शुभंकर सरकार ने राज्य भाजपा अध्यक्ष को खुला पत्र लिखा और मांग की कि इस मामले पर स्पष्ट व्याख्या दी जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि भाजपा कार्रवाई नहीं करती और पुलिस राकेश सिंह को गिरफ्तार नहीं करती है, तो राज्यभर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं का गुस्सा बढ़ सकता है। मध्य कोलकाता जिला कांग्रेस अध्यक्ष मानस सरकार ने भी धमकी दी कि अगर हिम्मत है तो सामने आएं और कहा कि यह घटना तब हुई जब नेतृत्व कार्यालय में मौजूद नहीं था। इस घटना के बाद राज्य की राजनीति में तनाव बढ़ गया है और विरोध-प्रदर्शन की संभावना बनी हुई है।

## बेगुनघाटा में पुल और 5 गेट बने, किसानों की लंबे समय से चली आ रही मांग पूरी



**हावड़ा :** हावड़ा जिले के आमता विधानसभा क्षेत्र के लोगों की लंबे समय से चली आ रही मांग आखिरकार पूरी हुई। मजा दामोदर नदी पर बेगुनघाटा में पुल और पाँच गेट का निर्माण कर संचार व्यवस्था और सिंचाई के साधन को बेहतर बनाया गया है। इस काम से आमता-2 ब्लॉक के झिखिरा, अमरगढ़ी, जयपुर, झामटिया, काशमली, बीके बाटी और थलिया सहित कई इलाकों के किसानों को सीधा लाभ मिलेगा। स्थानीय लोगों और किसानों की मांग थी कि रबी फसलों के लिए मजा दामोदर में पानी रोका जाए और ज़रूरत पड़ने पर रूपनारायण नदी का ज्वार का पानी छोड़ा जाए ताकि खेतों में पर्याप्त सिंचाई हो सके। मुख्यमंत्री के निर्देश पर सिंचाई विभाग ने इस कार्य को अंजाम दिया। आमता के विधायक सुकांत पाल ने बेगुनघाटा स्थित नए बने गेट और पुल का निरीक्षण किया और किसानों से बातचीत कर उनकी समस्याओं की जानकारी भी ली। किसानों ने इसे लंबे समय से अधूरी मांग की ऐतिहासिक पूर्ति बताया।


Office of the Municipal Councillors
**Serampore Municipality**
1, N. S. Avenue, Serampore, Dist.: Hooghly, Pin: 712201

**Notice Inviting e-Tender**

e-Tender is invited from experienced and resourceful bidders vide **NIT No.- WBMAD/ULB/SRMP/NIT-19/2025-26, Date: 29/08/2025.** Number of works-05. Bid Submission Start Date (online): **29/08/2025 at 14.00 PM.** Bid Submission Closing Date (online): **08/09/2025 at 14.00 PM.** Bid Opening Date for Technical Proposals (online): **10/09/2025 at 14.00 PM.** For details of the project go through http://wbtenders.gov.in and www.seramporemunicipality.net/tenders

Sd/-
Chairman
Serampore Municipality

**मेट्रो रेलवे, कोलकाता**

**उप मुख्य परिचालन प्रबंधक/आईटी, मेट्रो रेलवे के द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: कार्य का नाम:** द्विवार्षिक रखरखाव अनुबंध जिसमें शामिल है विभिन्न प्रकार के पोर्टेबल फायर एक्सटिंग्यूशर की पुनःभराई, मरम्मत, रंगाई और सामान्य रखरखाव। इसमें ब्लू लाइन (दक्षिणेश्वर से कवि सुभाष), पर्पल लाइन (जोका से तारातला) और ग्रीन लाइन-I (सेक्टर-V से सियालदह) के 40 मेट्रो रेलवे स्टेशनों पर स्थापित एक्सटिंग्यूशरों की समय-समय पर सफाई, जाँच और परीक्षण शामिल है। कार्य का दायरा इलेक्ट्रिकल सबस्टेशनों, एवी कॉम्प्लेक्स, एस एंड टी इंस्टॉलेशन, मेट्रो रेक, डीजी रूम, पंप रूम और कार डिपो (नोआपाड़ा, कवि सुभाष, जोका और सेंट्रल पार्क डिपो में स्थित) के साथ-साथ प्रशासनिक भवनों जैसे मेट्रो भवन और तपन सिन्हा मेमोरियल अस्पताल आदि तक विस्तारित है। **अनुबंध/समापन अवधि:** 2 वर्ष (24 माह), **निविदा अपलोड करने की तिथि और समय:** 26.08.2025, 14.38 बजे, **बोली शुरू होने की तिथि:** 05.09.2025, **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** 19.09.2025 को 11.00 बजे, **विज्ञापित मूल्य:** रु.29,47,647.07; **बयाना राशि:** रु.59,000.00, **निविदा कागजात की लागत (रु.):** शून्य, निविदा अनुभाग: फायर। निविदा कागजातों का विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** से डाउनलोड किया जा सकता है।

**ई-निविदा सं.: डीआईवी-फायर-01-2025**

हमें यहाँ देखें: /metrorailwaykol /metrorailkolkata


## इजरा स्ट्रीट में आयोजित 3 दिवसीय गणेश पूजा का तृतीय दिन संपन्न



**कोलकाता :** इजरा स्ट्रीट में आयोजित 3 दिवसीय गणेश पूजा के तृतीय दिन गणपति जी का पूजन, खिचड़ी का महाभोग व जागरण का आयोजन किया गया। जागरण में भाजपा के महामंत्री व पुरुलिया के सांसद ज्योतिरमय सिंह महतो, उत्तर कोलकाता भाजपा के जिला अध्यक्ष तमगानों घोष, विधायक कृष्णेंदु मुखर्जी एवं 23 नंबर वार्ड के पार्षद विजय ओझा उपस्थित थे। संस्था के अध्यक्ष उमाकान्त अग्रवाल (बंटी) ने अंग वस्त्र प्रदान कर उनका स्वागत किया। महासचीव पवन पांडे, कार्यकारी अध्यक्ष कुशल पांडे, ओमप्रकाश साव एवं मुन्ना सिंह ने मोमेंटो प्रदान किया। इस मौके पर सीडा के अध्यक्ष अभिषेक वर्मा, कमल सुराना, समाज सेवी राजेश राठी, हरेंद्र मिश्रा, अनिल सिंह, अविनाश वर्मा, मिनेश ठकरार, रंजित सिंह, मनोज ओझा, प्रकाश सिंह, हेमंत बागड़ी, राहुल भक्ता, चंदन सिंह, मोहन पांडेय, हरे राम सिंह, मंटू साव, हरिलाल यादव, राजन सिंह, गोलू वर्मा, किरन हाटी, चंदन साव, आदि ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। संस्था के अध्यक्ष उमाकांत अग्रवाल आज के यजमान रूप में पूजा में बैठे।

## कोलकाता: हेरिटेज ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशंस में चिन्मया इंडिक फेस्ट 2.0 का आयोजन






**कोलकाता, समाज्ञा :** हेरिटेज ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशंस ने शुक्रवार को चिन्मया इंडिक फेस्ट 2.0 का आयोजन किया। इस वर्ष का विषय था रिवीलिंग इंडिया टू क्यूरियस इंडियन्स। यह दो दिवसीय उत्सव भारत की सभ्यता और ज्ञान परंपरा को सामने लाने के लिए आयोजित किया गया। फेस्ट में व्याख्यान, कार्यशालाएं, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और प्रदर्शनियां शामिल हैं। यह कार्यक्रम 30 अगस्त तक जारी रहेगा। उद्घाटन सत्र में स्वामी मित्रानंदजी, राष्ट्रीय निदेशक, आल इंडिया चिन्मया युवा केंद्र मुख्य अतिथि रहे। इस कार्यक्रम में डॉ. एल. सम्पथ कुमार, प्रो. गांटी सूर्यनारायण मूर्ति, एच.के. चौधरी, पी.आर. अग्रवाल, विक्रम स्वरूप, जयदीप चितलंगिया और गौरव स्वरूप भी उपस्थित रहे। दिन का मुख्य आकर्षण भारतीय ज्ञान प्रणालियों (आईकेएस) पर विस्तृत प्रदर्शनी थी। प्रदर्शनी में हाथ से बने मॉडल, डिजिटल इंटरैक्टिव डिस्प्ले, पांडुलिपियां, चित्रकला और कथाएं शामिल थीं। यह प्रदर्शनी एक जीवंत कक्षा बन गई, जहां सदियों का ज्ञान युवाओं की कल्पना से मिला। स्वामी मित्रानंदजी ने उद्घाटन भाषण में कहा कि ज्ञान केवल सूचना नहीं, बल्कि जीवन को रूपांतरित करने का माध्यम है। भारत की परंपराएं जैसे योग, आयुर्वेद और दर्शन जीवन को सार्थक बनाने की सीख देती हैं। प्रो. गांती सूर्यनारायण मूर्ति ने कहा कि शिक्षा मंत्रालय भारतीय ज्ञान प्रणालियों को आधुनिक शिक्षा में शामिल करने के लिए प्रतिबद्ध है। हेरिटेज ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन के चेयरमैन एच.के. चौधरी ने कहा कि फेस्ट आधुनिक शिक्षा और शाश्वत मूल्यों का संगम दिखाता है। हेरिटेज इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के चेयरमैन पी.आर. अग्रवाल ने कहा कि छात्रों का उत्साह हर कोने में दिखा। युवा अपनी जड़ों को जानने के लिए उत्सुक हैं। हेरिटेज ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन के सीईओ पी.के. अग्रवाल ने बताया कि इंडिक फेस्ट केवल कार्यक्रम नहीं, बल्कि भारत के गौरवशाली अतीत और वर्तमान के बीच संवाद है। 30 अगस्त को फेस्ट थीम आधारित व्याख्यान, छात्र प्रस्तुतियां, कार्यशालाएं और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ जारी रहेगा।


**पूर्व रेलवे**

**ई-नीलामी सूचना**

**सं. सीसी3-ई-नीलामी (15.09.2025 को खुली) दिनांक: 27.08.2025,** वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक, पूर्व रेलवे, द्वितीय तल, कमरा संख्या 44, नियंत्रण भवन, डीआरएम भवन, कैसर स्ट्रीट, सियालदह, कोलकाता-700014, अनुबंध प्रदान करने के लिए आईआरईपीएस पोर्टल, वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के माध्यम से खुली ई-नीलामी आमंत्रित करते हैं। विवरण इस प्रकार हैं:- **नीलामी सूची सं. : एसडीएएच-पार्सल-46; बोली प्रणाली:** सामान्य नीलामी (सिंगल स्टेज); **नीलामी प्रारंभ तिथि एवं समय (सभी लॉट) :** 15.09.2025, 12:00 बजे; **प्रशासनिक इकाई/क्षेत्र :** सियालदह मंडल-वाणिज्यिक/पूर्व रेलवे; **प्रारंभिक कूलिंग ऑफ पीरियड:** 30 मिनट; **क्रमिक लॉट का मध्यांतर समय :** 10 मिनट; **ऑटो एक्सटेंशन ज़ोन:** 120 सेकंड; **अधिकतम ऑटो एक्सटेंशन:** 10 बार; **ऑटो एक्सटेंशन मीयाद :** 120 सेकंड; **सूची प्रकाशित तिथि:** 27.08.2025 को14:59 बजे; **विवरण:** एसएलआर कोच (सिंगल कम्पार्टमेंट) में पार्सल स्पेस; **दर इकाई :** प्रति ट्रिप लाइसेंसिंग शुल्क; **न्यूनतम वृद्धि (%) :** 0.2; **ईएमडी :** 10%; **अनुक्रम सं.; लॉट सं. श्रेणी; ट्रिपस/दिन और समापन तिथि/समय** क्रमानुसार : **एए/1;** 12517-एसएलआर-आर1-केओएए-जीएचवाई-25-2 (पार्सल-एसएलआर) ;104; 15.09. 2025 को 12.30 बजे। **एए/2;** 12377-एसएलआर-आर1-एसडीएएच-एनओक्यू-25-2 (पार्सल-एसएलआर); 730; 15.09.2025 12.40 बजे। **एए/3;** 13167-एसएलआर -आर1-केओएए-एजीसी-25-2 (पार्सल-एसएलआर); 104; 15.09.2025 को 12.50 बजे। **एए/4;** 13145-एसएलआर-आर1-केओएए-आरडीपी-25-2 (पार्सल-एसएलआर); 730; 15.09.2025 को 13.00 बजे। **एए/5;** 12313-एसएलआर-एफ1-एसडीएएच-एनडीएलएस-25-1 (पार्सल-एसएलआर); 730; 15.09.2025 को 13.10 बजे। **एए/6;** 13137-एसएलआर-एफ1-केओएए-एएमएच-25-1 (पार्सल-एसएलआर); 104; 15.09.2025 को 13.20 बजे। **एए/7;** 15047-एसएलआर-एफ1-केओएए-जीकेपी-25-2 (पार्सल-एसएलआर); 417; 15.09.2025 को 13.30 बजे। **एए/8;** 13167-एसएलआर-एफ1-केओएए-एजीसी-25-2 (पार्सल-एसएलआर); 104; 15.09.2025 को 13.40 बजे। **एए/9;** 12377-एसएलआर-एफ1-एसडीएएच-एनओक्यू-25-1 (पार्सल-एसएलआर); 730; 15.09.2025 को 13.50 बजे। **एए/10;** 12343-एसएलआर-एफ1-एसडीएएच-एचडीबी-25-1 (पार्सल-एसएलआर); 730; 15.09.2025 को 14.00 बजे। **एए/11;** 12379-एसएलआर-एफ1-एसडीएएच-एएसआर-25-2 (पार्सल-एसएलआर); 104; 15.09.2025 को 14.10 बजे। **एए/12;** 22317-एसएलआर-एफ1-एसडीएएच-जेएटी-25-1 (पार्सल-एसएलआर); 104; 15.09.2025 को 14.20 बजे। **एए/13;** 22197-एसएलआर-एफ1-केओएए-वीजीएलजे-25-1 (पार्सल-एसएलआर); 105; 15.09.2025 को 14.30 बजे। **एए/14;** 19414-एसएलआर-एफ1-केओएए-एडीआई-25-1 (पार्सल-एसएलआर); 105; 15.09.2025 को 14.40 बजे। **एए/15;** 13175-एसएलआर-एफ1-एसडीएएच-एससीएल-25-2 (पार्सल-एसएलआर); 313; 15.09.2025 14.50 बजे। **एए/16;** 13163-एसएलआर-एफ2-एसडीएएच-एसएचसी-25-1 (पार्सल-एसएलआर); 522; 15.09.2025 15.00 बजे। **एए/17;** 13105-एसएलआर-एफ2-एसडीएएच-बीयूआई-25-1 (पार्सल-एसएलआर); 313; 15.09.2025 15.10 बजे।

(SDAH-187/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## न्यूज इन ब्रीफ

### दीक्षा इंडिया जूनियर इंटरनेशनल ग्रां प्री बैडमिंटन के सेमीफाइनल में

**पुणे :** गैर वरीय दीक्षा सुधाकर ने शुक्रवार को यहां नौवीं वरीयता प्राप्त थाईलैंड की पिमचानोक सुथिविरियाकुल को 21-11, 19-21, 21-08 से हराकर स्वर्गीय सुशांत चिपलकट्टी इंडिया जूनियर इंटरनेशनल ग्रां प्री बैडमिंटन टूर्नामेंट के लड़कियों के वर्ग के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। दिन के एक अन्य उलटफेर में जापान की युरिका नागाफुची ने ऊंची रैंकिंग वाली वेन्नाला कलागोटला को 21-15, 22-20 से हराकर अंतिम चार में जगह बनाई। जापान की युजोनोन वतनाबे और भारत की दियांका वाल्डिया सेमीफाइनल में जगह बनाने वाली अन्य खिलाड़ी रहीं।

### भारतीय भारोत्तोलकों ने राष्ट्रमंडल चैंपियनशिप में सात पदक जीते

**अहमदाबाद :** भारतीय भारोत्त-लकों ने शुक्रवार को यहां राष्ट्रमंडल भारोत्तोलन चैंपियनशिप के पांचवें दिन सीनियर वर्ग में एक रजत और एक कांस्य सहित कुल सात पदक जीते जबकि उभरते हुए स्टार साईराज परदेशी ने रिकॉर्ड प्रदर्शन से स्वर्ण पदक जीतकर सबका ध्यान अपनी ओर खींचा। मौजूदा राष्ट्रीय खेलों के चैंपियन दिलबाग सिंह ने पुरुषों की 94 किग्रा स्पर्धा में कुल 342 किग्रा (153 किग्रा स्नैच + 189 किग्रा क्लीन एंड जर्क) उठाकर रजत पदक जीता। इस वजन वर्ग का स्वर्ण पदक मलेशिया के मोहम्मद सैहमी बिन नोर गजाली ने जीता जिन्होंने 343 किग्रा (150 किग्रा + 193 किग्रा) के साथ दिलबाग को पीछे छोड़ा जबकि ऑस्ट्रेलिया के ओलिवर सैक्सटन ने 336 किग्रा (150 किग्रा + 186 किग्रा) के साथ कांस्य पदक प्राप्त किया। वंशिता वर्मा ने सीनियर महिला 86 किग्रा वर्ग में 222 किग्रा (95 किग्रा + 127 किग्रा) उठाकर कांस्य पदक जीता। ऑस्ट्रेलिया की एलीन सिकामाताना ने 255 किग्रा (110 किग्रा + 145 किग्रा) से स्वर्ण पदक जबकि न्यूजीलैंड की लिटिया नाकागिलेवु ने 235 किग्रा (107 किग्रा + 128 किग्रा) से रजत पदक जीता।

# भारत ने एशिया कप के पहले मैच में चीन को 4-3 से हराया

**नई दिल्ली:** भारत ने हॉकी एशिया कप में जीत से आगाज किया है। भारतीय टीम ने अपने पहले मैच में चीन को 4-3 से हरा दिया। भारत की ओर से कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने 3 गोल दागे। बिहार के राजगीर में खेला गया कांटे का यह मुकाबला रहा। तीसरे क्वार्टर में दोनों टीमों का स्कोर 3-3 से बराबर था। इसके बाद भारत ने चौथे और आखिरी क्वार्टर में शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए विपक्षी टीम पर 4-3 की बढ़त बना ली। जो आखिरी तक कायम रहा। मैच के पहले क्वार्टर में चीन की ओर से गोल हुआ। पहला क्वार्टर खत्म होने के बाद भारत 0-1 से पिछड़ रहा था।



इसके बाद दूसरे क्वार्टर में भारत ने शानदार वापसी की और दो मिनट के भीतर दो गोल दागकर चीन पर 2-1 की बढ़त बना ली। पेनाल्टी कॉर्नर पर जुगराज सिंह ने गोल दागा जबकि इसके एक मिनट बाद ही हरमनप्रीत सिंह ने एक और गोल कर भारत को बढ़त दिला दी। हाफ टाइम तक भारत बढ़त बनाए हुए था।कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने तीसरे क्वार्टर में भारत की ओर से एक और गोल दागकर चीन पर बढ़त 3-1 कर लिया। इसके बाद चीन के खिलाड़ियों ने शानदार खेल दिखाया और एक के बाद एक दो गोल कर भारत के स्कोर की बराबरी कर ली। तीसरा क्वार्टर खत्म होने के बाद दोनों टीमें 3-3 की बराबरी पर थीं। चौथे क्वार्टर में हरमनप्रीत सिंह ने गोल दागकर अपनी हैट्रिक पूरी की।

### भारत दिसंबर में आईएयू 50 किमी विश्व चैंपियनशिप की मेजबानी करेगा

नयी दिल्ली : विश्व एथलेटिक्स के उपाध्यक्ष आदिल सुमारिवाला ने शुक्रवार को यहां बताया कि भारतीय एथलेटिक महासंघ (एएफआई) अंतरराष्ट्रीय अल्ट्रारनर सं (आईएयू) के सहयोग से दिसंबर में 50 किमी विश्व चैंपियनशिप का आयोजन करेगा। सुमारिवाला ने कहा, 'भारत आईएयू 50 किमी विश्व चैंपियनशिप की एक सीरीज की मेजबानी करेगा।' उन्होंने कहा, 'इस सीरीज की पहली प्रतियोगिता इस साल सात दिसंबर को नयी दिल्ली के प्रतिष्ठित जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में होगी।' एएफआई के पूर्व अध्यक्ष सुमारिवाला के अनुसार आईएयू 50 किमी विश्व चैंपियनशिप के 2027 और 2029 चरण भी भारत को आवंटित किए गए हैं। मैराथन (42।195 किमी) से अधिक की दूरी को अल्ट्रा मैराथन कहा जाता है।

## राजकंवर संधू ने सेंटर फायर पिस्टल और अंकुर मित्तल ने डबल ट्रैप में जीता स्वर्ण पदक

### एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप में भारत को 31 पदक



**शिमकेंट :** एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप में भारत ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 31 पदक जीते। इनमें 14 स्वर्ण, 8 रजत और 9 कांस्य शामिल हैं। राजकंवर सिंह संधू ने 25 मीटर सेंटर फायर पिस्टल में स्वर्ण पदक जीता, जबकि अंकुर मित्तल ने डबल ट्रैप में स्वर्ण पदक हासिल किया। महिला डबल ट्रैप में अनुष्का भाटी, प्रणिल इंगले और हाफिज कॉन्ट्रैक्टर ने व्यक्तिगत व टीम दोनों वर्गों में स्वर्ण पदक अपने नाम किए। महिला निशानेबाज मानिनी कौशिक ने 50 मीटर राइफल प्रोन में कांस्य और टीम वर्ग में रजत पदक जीता। जूनियर वर्ग में प्राची गायकवाड़ ने रजत और मोहम्मद हातिम ने डबल ट्रैप में रजत पदक जीता। कुल मिलाकर भारत ने सीनियर, जूनियर और युवा वर्ग में 103 पदक (52 स्वर्ण, 26 रजत, 25 कांस्य) जीतकर अपना दबदबा बनाया।

## भारत ने 2030 राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी के लिए प्रस्ताव पेश किया



**लंदन :** भारत ने दो दशकों के बाद राष्ट्रमंडल खेलों को देश में लाने की महत्वाकांक्षा के साथ शुक्रवार को 2030 के खेलों की मेजबानी के लिए आधिकारिक तौर पर अपना प्रस्ताव प्रस्तुत किया। यह औपचारिक बोली भारतीय राष्ट्रमंडल खेल संघ और गुजरात सरकार के प्रतिनिधित्व वाले एक प्रतिनिधिमंडल द्वारा राष्ट्रमंडल खेल महासंघ (राष्ट्रमंडल खेल महासंघ) को प्रस्तुत की गई। इस बोली में अहमदाबाद को राष्ट्रमंडल खेलों के शताब्दी वर्ष के अवसर पर आयोजित होने वाले खेलों के मेजबान शहर के रूप में स्थान दिया गया है। गुजरात के खेल मंत्री हर्ष संघवी ने कहा कि भारत के खेल 'वसुधैव कुटुम्बकम' के प्राचीन सिद्धांत पर आधारित होंगे, जिसका अर्थ है 'विश्व एक परिवार है।' यह एकता और मानवीय जुड़ाव को बढ़ावा देगा। 'अतिथि देवो भव:' इन खेलों के लिए भारत आने वाले सभी हितधारकों के लिए योजना बनाने में मार्गदर्शन करेगा। भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष पीटी उषा ने कहा, 'यह बोली पूरे देश की आकांक्षाओं का प्रतिनिधित्व करती है। अहमदाबाद में होने वाले राष्ट्रमंडल खेल न केवल भारत की खेल क्षमताओं को प्रदर्शित करेंगे, बल्कि मित्रता, सम्मान और समावेशिता के मूल्यों को भी दर्शायेगा जो हमारी खेल संस्कृति को परिभाषित करते हैं।'

## भारतीय मुक्केबाजों ने बेल्ट एंड रोड टूर्नामेंट में सात स्वर्ण पदक जीते

**नयी दिल्ली :** भारतीय मुक्केबाजों ने चीन के शिनजियांग में तीसरे बेल्ट एंड रोड अंतरराष्ट्रीय युवा मुक्केबाजी गाला में सात स्वर्ण के साथ कुल 26 पदक जीते। इसमें अंडर 17, अंडर 19 और अंडर 23 वर्ग में स्पर्धायें होंगी। लड़कियों की टीम ने फाइनल में दबदबा कायम करते हुए पांच स्वर्ण, पांच रजत और छह कांस्य पदकों के साथ दबदबा बनाया। लक्ष्मी (46 किग्रा), राधामणि (60 किग्रा), हरनूर (66 किग्रा), ज्योति (75 किग्रा) और अंशिका (80 किग्रा से अधिक) ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हासिल किए, जबकि चंद्रिका (54 किग्रा) को चीन की मुक्केबाजी से हारकर रजत पदक से संतोष करना पड़ा। भारतीय मुक्केबाजों के बीच हुए 46 किग्रा, 60 किग्रा, 66 किग्रा और



80 किग्रा से अधिक की श्रेणियों में अतिरिक्त रजत और कांस्य पदक सुनिश्चित हुए। लड़कों के वर्ग में भारत ने दो स्वर्ण, दो रजत और छह कांस्य पदक जीते। फलक (48 किग्रा) और उधम सिंह राघव (54 किग्रा) ने कजाकिस्तान के अपने प्रतिद्वंद्वियों पर शानदार जीत के साथ स्वर्ण पदक हासिल किया जबकि ध्रुव खर्ब (46 किग्रा) और पीयूष (50 किग्रा) को करीबी मुकाबलों के हार के बाद रजत पदक से संतोष करना पड़ा। उदय सिंह (46 किग्रा), आदित्य (52 किग्रा), आशीष (54 किग्रा), देवेंद्र चौधरी (75 किग्रा), जयदीप सिंह हंजरा (80 किग्रा) और लोवेन गुलिया (80 किग्रा से अधिक) ने कांस्य पदक जीतकर पदक तालिका में योगदान दिया।

### पाकिस्तान हॉकी टीम आगामी एफआईएच प्रो लीग में शामिल, भारत से तटस्थ स्थल पर होगी भिड़ंत

नयी दिल्ली : पाकिस्तान हॉकी टीम पुरुषों की एफआईएच प्रो लीग के आगामी सातवें सत्र का हिस्सा होगी जिससे उसके 'होम एंड अवे' प्रारूप में खेले जाने वाले इस टूर्नामेंट के दौरान भारत के साथ किसी तटस्थ स्थल पर भिड़ंत की संभावना है। पाकिस्तान आगामी सत्र में अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया, बेल्जियम, इंग्लैंड, जर्मनी, भारत, नीदरलैंड और स्पेन के साथ शामिल होगा जिसके विस्तृत कार्यक्रम का अभी इंतजार है।

## सिंधू की विश्व चैंपियनशिप में छठे पदक की उम्मीद टूटी, ध्रुव- तनिषा की जोड़ी भी बाहर



**पेरिस :** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू का विश्व चैंपियनशिप में छठा पदक जीतने का सपना शुक्रवार को इंडोनेशिया की पुत्री कुसुमा वर्दानी से तीन गेम तक चले कड़े क्वार्टर फाइनल मुकाबले में हारने से टूट गया। सिंधू 2019 की विश्व चैंपियन हैं। इस प्रतियोगिता में पांच बार की पदक विजेता सिंधू रिकॉर्ड छठे पोडियम स्थान पर पहुंचने की उम्मीद कर रही थीं। लेकिन 'फिनिशिंग लाइन' पर लड़खड़ा गईं और 64 मिनट तक चले रोमांचक मुकाबले में नौवीं वरीयता प्राप्त वर्दानी से 14-21, 21-13, 16-21 से हार गईं। इससे पहले ध्रुव कपिला और तनिषा क्रास्टो की भारतीय मिश्रित युगल जोड़ी चेन तांग जी और तोह ई वेई की मलेशियाई जोड़ी से सीधे गेम में हारकर बैडमिंटन विश्व चैंपियनशिप से बाहर हो गई। इससे भारतीय जोड़ी के इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में भारत के लिए पहला मिश्रित युगल पदक जीतने की उम्मीद भी टूट गई। उन्हें दुनिया की चौथे नंबर की जोड़ी से 37 मिनट में 15-21, 13-21 से हार का सामना करना पड़ा। हैदराबाद की 30 वर्षीय सिंधू ने 2013 में ग्वांग्झू में अपना पहला पदक जीता था। एक साल बाद उन्होंने कोपेनहेगन में एक और कांस्य पदक अपने नाम किया। फिर ग्लासगो (2017) और नानजिंग (2018) में उपविजेता रहीं तथा 2019 में बासेल में स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रचा था।



## राहुल गांधी की चांदी की चम्मच पर भारी पड़ रही चाय की चम्मच: केशव प्रसाद मौर्य



**लखनऊ :** बिहार में कुछ अज्ञात लोगों द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ कथित अभद्र टिप्पणी किए जाने के एक दिन बाद शुक्रवार को उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने गांधी परिवार पर निशाना साधते हुए कहा उनकी चांदी की चम्मच पर (मोदी की) चाय की चम्मच भारी पड़ रही है। उपमुख्यमंत्री मौर्य ने 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा, 'यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी छोटी लाइन को मिटाने के बजाय उससे बड़ी लाइन खींचने में यकीन रखते हैं। यही बात सोनिया गांधी, प्रियंका वाद्रा और राहुल गांधी को अखरती है।' उन्होंने कहा 'इसलिए नफरत, घृणा व अंहकार से लबालब यह तिकड़ी मोदी जी को कभी मौत का सौदागर, नीच या वोट चोर कहकर उनकी खिल्ली उड़ाती है। दरअसल, ऐसा कहकर वह जनता का मजाक उड़ाती है।'' पिछड़े वर्ग से आने वाले राज्य के प्रमुख नेता एवं भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष मौर्य ने कहा, 'गांधी परिवार को कतई इल्म नहीं कि देश के सबसे बड़े पिछड़े वर्ग से ताल्लुक़ रखने वाले मोदी जी का पसीना देखकर ही जनता ने उनको तीन बार इस देश का प्रधानमंत्री चुना है।' उन्होंने कहा, 'वह राहुल जी की तरह चांदी का चम्मच लेकर तो पैदा नहीं हुए थे लेकिन उनकी चांदी की चम्मच पर चाय की चम्मच भारी पड़ रही है। इसलिए इस तिकड़ी ने अपने साथ-साथ अब अपनी निहायत ही हल्की मंडलियों को भी मोदी जी को गाली देने का ठेका दे रखा है। भाजपा ने बिहार में कांग्रेस नेता की 'वोटर अधिकार यात्रा' के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दिवंगत मां के लिए कथित तौर पर अभद्र भाषा के इस्तेमाल पर बृहस्पतिवार को राहुल गांधी को जिम्मेदार ठहराया और कहा कि राज्य के लोग विपक्षी दल को उसकी 'अपशब्दों की राजनीति' के लिए करारा जवाब देंगे।

# उत्तर प्रदेश से ही है भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र : योगी आदित्यनाथ

### पद्म भूषण मेजर ध्यानचंद की जयंती पर योगी आदित्यनाथ ने अर्पित की श्रद्धांजलि



**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को कहा कि भारत इस राज्य से ही दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। उन्होंने कहा कि जब भारत को दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र कहा जाता है तो उसमें उत्तर प्रदेश की यह व्यापक चुनावी प्रक्रिया अहम भूमिका निभाती है। एक आधिकारिक बयान के मुताबिक मुख्यमंत्री योगी ने शुक्रवार को अवध विहार योजना में उत्तर प्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग के आधुनिक कार्यालय भवन का शिलान्यास किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह भवन पारदर्शी और सुव्यवस्थित निर्वाचन व्यवस्था को नयी मजबूती देगा तथा लोकतांत्रिक प्रक्रिया को और अधिक सशक्त बनाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि त्रिस्तरीय पंचायत व्यवस्था में प्रदेश के 12 करोड़ से अधिक मतदाता मतदान में भाग लेते हैं, जो किसी भी अन्य राज्य की आबादी से अधिक है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में वर्तमान में 57,600 ग्राम पंचायतें, 826 क्षेत्र पंचायतें और 75 जिला पंचायतें हैं। वहीं, 17 नगर निगम, 199 नगर पालिकाएं और 544 नगर पंचायतें भी हैं, जिनके साथ 14,000 से अधिक पार्षदों के चुनाव की जिम्मेदारी भी राज्य निर्वाचन आयोग ही निभाता है। योगी आदित्यनाथ ने लोकतंत्र की ताकत को रेखांकित करते हुए कहा कि जनता केवल मतदाता नहीं है बल्कि लोकतांत्रिक व्यवस्था की 'जनार्दन' है।

### संभल दंगों की साजिश की पुष्टि करती है न्यायिक आयोग की रिपोर्ट : योगी आदित्यनाथ

प्रतापगढ़ : उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संभल में हुई हालिया हिंसा पर टिप्पणी करते हुए शुक्रवार को कहा कि एक दिन पहले सौंपी गई न्यायिक आयोग की रिपोर्ट दंगों की साजिश की पुष्टि करती है। प्रतापगढ़ में 570 करोड़ रुपये की 186 विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करने के बाद यहां आयोजित एक समारोह को संबोधित करते हुए योगी आदित्यनाथ ने रिपोर्ट के निष्कर्षों का जिक्र किया। मुख्यमंत्री ने कहा, ''न्यायिक आयोग ने कल संभल घटना पर अपनी रिपोर्ट सौंपी, जिसमें 2024 में दंगों की साजिश के कुछ हिस्सों का खुलासा किया गया है।' योगी आदित्यनाथ ने दावा किया कि समाजवादी पार्टी (सपा) और कांग्रेस के समय में हिंदुओं को निशाना बनाया गया और उनकी जनसांख्यिकी को कम किया गया।

## लखनऊ हवाई अड्डे पर 24 करोड़ रुपये का हाइड्रोपोनिक गांजा जब्त, दो आरोपी गिरफ्तार



**लखनऊ :** लखनऊ के चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर लगभग 24 करोड़ रुपये मूल्य के हाइड्रोपोनिक गांजे की तस्करी के आरोप में दो यात्रियों को गिरफ्तार किया गया है। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने यहां हवाई अड्डे पर एक विशेष सूचना के आधार पर 26 अगस्त को एयर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ान से बैंकॉक से आए यात्रियों को रोका और छानबीन में उनके कब्जे से करीब 24 करोड़ रुपये मूल्य का हाइड्रोपोनिक गांजा बरामद किया गया। उन्होंने बताया कि लगभग 24 करोड़ रुपये मूल्य के हाइड्रोपोनिक गांजे की तस्करी के आरोप में दोनों यात्रियों को गिरफ्तार किया गया है। डीआरआई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, पूछताछ के दौरान, दोनों यात्रियों ने अपने चेक-इन बैगेज में बड़ी मात्रा में हाइड्रोपोनिक गांजा ले जाने की बात स्वीकार की।

### मऊ में डंपर की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत, एक अन्य घायल

**मऊ (उप्र) :** मऊ जिला मुख्यालय के सदर कोतवाली क्षेत्र में शुक्रवार सुबह गाजीपुर तिराहे पर डंपर (ट्रक) की टक्कर से बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक, हादसे में मृत युवक की पहचान रवि राजभर (35) और घायल की पहचान रामाश्रय राजभर के रूप में हुई है। हादसे से प्रभावित दोनों युवक रिश्ते में भाई बताए गए हैं। स्थानीय लोगों ने डंपर चालक को कड़ी मशक्कत के बाद पकड़ लिया और मौके से पुलिस को सूचित किया। घटना स्थल पर पहुंची पुलिस ने चालक को हिरासत में लेकर डंपर को जब्त कर लिया। पुलिस ने घायल युवक को उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा जबकि मृत युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

## उप्र: गंगा, वरुणा के जलस्तर में वृद्धि से वाराणसी में फिर बाढ़, बलिया में भी बढ़ी परेशानी

**वाराणसी/बलिया (उप्र) :** वाराणसी में गंगा और वरुणा नदियों के जलस्तर में वृद्धि होने के कारण पुन: बाढ़ आ गई है, जबकि बलिया जिले में भी गंगा और सरयू नदी के जलस्तर बढ़ने से नदी किनारे के गांवों के लोगों की परेशानी बढ़ गई है। केंद्रीय जल आयोग के अनुसार, शुक्रवार को गंगा का जलस्तर अपने चेतावनी चिह्न 70.262 मीटर को पार करते हुए 71.00 मीटर पर पहुंच गया है जिससे नागरिकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वाराणसी में खतरे का निशान 71.262 मीटर है। वाराणसी जिले के गंगा और वरुणा के तटवर्ती इलाकों में बाढ़ का पानी भर गया है और गंगा के सभी घाट अब भी जलमग्न हैं। मणिकर्णिका और हरिश्चंद्र के निचले घाट पानी में डूब जाने के कारण शवदाह छतों और गलियों में किया जा रहा है। वाराणसी के



दशाश्वमेध घाट पर होने वाली विश्व प्रसिद्ध 'गंगा आरती' सांकेतिक रूप से छत पर की जा रही है। रमना, सामने घाट, नगवा, कोनिया, हुकुलगंज आदि इलाकों में घरों में पानी घुस गया है। नगवा के संगमपूरी निवासी रमेश सिंह ने बताया कि वे अपने मकान के दूसरे तल पर रह रहे हैं क्योंकि पहली मंजिल में पानी भरा हुआ है। उन्होंने कहा कि वे दो दिन से घर से बाहर नहीं निकले हैं, आस-पास के रिश्तेदार और परिचित भोजन पहुंचा देते हैं, लेकिन मच्छरों का प्रकोप काफी बढ़ गया है। रमेश सिंह ने बताया कि इससे पहले जलस्तर कम होने के बाद हालात सामान्य होने लगे थे और घरों की साफ-सफाई भी कर ली गई लेकिन फिर से पानी घरों में घुस गया। उन्होंने बताया कि मोहल्ले के बच्चों को स्कूल जाने में भी परेशानी हो रही है।

## न्यूज अपडेट

### प्रधानमंत्री मोदी के अपमान के विरोध में पटना में भाजपा का मार्च, कांग्रेस कार्यकर्ताओं से झड़प



**पटना :** राहुल गांधी की 'वोटर अधिकार यात्रा' के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दिवंगत मां के लिए अभद्र भाषा के इस्तेमाल के विरोध में सत्तारूढ़ दल ने यहां विरोध मार्च निकाला और इस दौरान भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के बीच झड़प हुई। मंत्री नितिन नवीन और संजय सरावगी जैसे वरिष्ठ नेताओं तथा विधायक संजीव चौरसिया के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने दो दिन पहले दरभंगा में हुई घटना के खिलाफ नारे लगाते हुए कुछ किलोमीटर दूर स्थित राज्य कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम तक मार्च किया। नवीन ने कहा, 'हम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का अपमान बर्दाश्त नहीं करेंगे। राहुल गांधी और उनके साथियों को देश से माफी मांगनी चाहिए।' कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सदाकत आश्रम के दरवाज़े अंदर से बंद कर दिए और भाजपा कार्यकर्ताओं पर पथराव किया। जिसके बाद भाजपा कार्यकर्ताओं ने पार्टी के झंडे उन पर फेंके, गांधी की तस्वीरों पर लाठियां बरसाईं और आस-पास खड़ी गाड़ियों में तोड़फोड़ की।

### झारखंड: जूनियर चिकित्सकों की हड़ताल के कारण धनबाद में एसएनएम मेडिकल कॉलेज में ओपीडी सेवाएं बाधित

**धनबाद (झारखंड) :** झारखंड के धनबाद में स्थित शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (एसएनएमएमसीएच) में शुक्रवार को 'इंटर्न' और जूनियर रेजिडेंट डॉक्टरों (जेआरडी) की अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू होने के बाद बाह्य रोगी विभाग (ओपीडी) सेवाएं बाधित रहीं। ये चिकित्सक बृहस्पतिवार को आपातकालीन वार्ड में चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मचारियों पर एक मरीज के तीमारदारों के हमले का विरोध कर रहे हैं। उन्होंने आपातकालीन सेवाओं को हड़ताल के दायरे से बाहर रखा है। एसएनएमएमसीएच के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. डीके गिंदौरिया ने डॉक्टरों की मांग को वास्तविक बताया और हड़ताल के कारण ओपीडी सेवाएं प्रभावित होने की पुष्टि की।

### दुमका की मयूराक्षी नदी में चार किशोर डूबे, सभी के शव बरामद: पुलिस

**दुमका :** झारखंड के दुमका जिले में मयूराक्षी नदी में डूबने से चार किशोरों की मौत हो गई। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। यह घटना बृहस्पतिवार को दुमका जिले के जामा थाना क्षेत्र के बापूपुर तट के निकट हुई। जामा थाना प्रभारी अजीत कुमार ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, 16-17 साल के चार दोस्त दोपहर को मयूराक्षी नदी में नहाने गए थे। जब वे वापस नहीं लौटे, तो उनके परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की और पुलिस को सूचना दी। उन्होंने कहा, बृहस्पतिवार अपराह्न करीब साढ़े तीन बजे बापूपुर तट के पास नदी किनारे उनके कपड़े और मोबाइल फोन मिले। अनुभागीय पुलिस अधिकारी (एसडीपीओ) विजय कुमार महतो ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, 'चारों के शव बरामद कर लिए गए हैं।' शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जाएगा। चारों किशोरों ने दुमका के सेंट जोसेफ स्कूल से दसवीं की परीक्षा पास की थी।

### आकाश आनंद बहुजन समाज पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक बने

**लखनऊ :** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) प्रमुख मायावती ने अपने भतीजे आकाश आनंद को पदोन्नत करके उन्हें पार्टी का राष्ट्रीय संयोजक बनाया है। पार्टी सूत्रों की मानें तो यह पद संगठन में राष्ट्रीय अध्यक्ष यानी मायावती के बाद आता है। आकाश अब दूसरे नंबर के ताकतवर नेता हो गए हैं। अभी तक आकाश आनंद राष्ट्रीय कोऑर्डिनेटर की भूमिका निभा रहे थे।

# असम का नेतृत्व ऐसे लोग नहीं कर सकते जो बार-बार पाकिस्तान जाते हों: अमित



**गुवाहाटी :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि असम का नेतृत्व ऐसे लोग नहीं कर सकते जो बार-बार पाकिस्तान जाते हैं। शाह ने स्पष्ट तौर पर यह बात प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गौरव गोगोई के पाकिस्तान के साथ कथित संबंधों की ओर इशारा करते हुए कही। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री हिमंत बिश्व शर्मा के बड़े पैमाने पर विकास कार्यों के दम पर भाजपा नीत राजग अगले साल असम में लगातार तीसरी बार सरकार बनाएगा। पंचायत प्रतिनिधियों की यहां आयोजित एक रैली को संबोधित करते हुए, शाह ने अगले साल मार्च-अप्रैल में होने वाले असम विधानसभा चुनाव के लिए 'युद्ध का बिगुल' फूंका और कहा कि राज्य का प्रतिनिधित्व ऐसे नेता नहीं कर सकते जो घुसपैठियों और अतिक्रमणकारियों के प्रति सहानुभूति रखते हों। उन्होंने कहा, ''प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश भर में अनेक विकास कार्य किए हैं और असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने उस विकास को राज्य के घर-घर तक पहुंचाया है। इन कार्यों की बदौलत, भाजपा के नेतृत्व वाला राजग अगले साल लगातार तीसरी बार असम में सरकार बनाएगा।'' विपक्षी कांग्रेस की आलोचना करते हुए शाह ने कहा कि असम का नेतृत्व घुसपैठियों के प्रति सहानुभूति रखने वाले और अतिक्रमण को बढ़ावा देने वाले लोग नहीं कर सकते। उन्होंने कहा, ''असम का नेतृत्व मोदी और शर्मा करते रहेंगे।'' गौरव गोगोई के संदर्भ में शाह ने कहा, ''असम का नेतृत्व ऐसे लोग नहीं कर सकते जो अक्सर पाकिस्तान जाते हैं।'' असम के मुख्यमंत्री और भाजपा लोकसभा में कांग्रेस के उपनेता गोगोई पर उनकी पत्नी के पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई से कथित संबंधों को लेकर हमला बोलते रहे हैं। शर्मा ने दावा किया था कि गोगोई की ब्रिटिश पत्नी एलिजाबेथ कोलबर्न ने भारत और पाकिस्तान के बीच 19 बार यात्रा की थी। शाह ने कहा, ''घुसपैठियों ने हमारी हजारों एकड़ जमीन पर कब्जा कर लिया। भाजपा सरकार ने हर जगह से अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाया, लेकिन गौरव गोगोई ने इसका विरोध किया... असम सरकार ने घुसपैठियों के अतिक्रमण से 1,29,548 एकड़ जमीन मुक्त कराई है।''

### राहुल को प्रधानमंत्री और उनकी दिवंगत मां को दी गई गालियों के लिए माफी मांगनी चाहिए

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि बिहार में कांग्रेस नेता राहुल गांधी को अपनी 'वोटर अधिकार यात्रा' के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनकी दिवंगत मां के लिए कहे गए ''अपशब्दों'' के लिए माफी मांगनी चाहिए। शाह ने दावा किया कि बिहार में गांधी की 'घुसपैठिये बचाओ यात्रा' के साथ उनकी राजनीति 'निम्नतम स्तर' पर पहुंच गई है। उन्होंने यहां राजभवन की नवनिर्मित इकाई ब्रह्मपुत्र का उद्घाटन करने के बाद कहा, 'अगर राहुल गांधी में थोड़ी भी शर्म बची है तो उन्हें माफी मांगनी चाहिए। देश उन्हें और उनकी पार्टी को घृणा से देख रहा है।'

### सीबीआई ने एएआई के प्रबंधक पर 232 करोड़ रुपये निजी खातों में जमा करने का मामला दर्ज किया

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने भारतीय हवाई अड्डा प्राधिकरण (एएआई) के एक वरिष्ठ प्रबंधक के खिलाफ तीन वर्षों में फर्जी लेखा प्रविष्टियों के जरिये 232 करोड़ रुपये से अधिक की राशि अपने निजी खातों में जमा करने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की है। अधिकारियों ने बताया कि एएआई के वरिष्ठ प्रबंधक ने देहरादून हवाई अड्डे पर अपनी तैनाती के दौरान तीन साल में यह हेराफेरी की। उन्होंने बताया कि वित्त एवं लेखा विभाग के वरिष्ठ प्रबंधक राहुल विजय की ओर से कथित हेराफेरी का पता एक आंतरिक ऑडिट में चला। अधिकारियों के मुताबिक, एएआई ने आंतरिक ऑडिट के निष्कर्षों की पुष्टि के लिए एक समिति का

## न्यूज इन ब्रीफ

### जम्मू-कश्मीर: उपराज्यपाल ने वैष्णो देवी मार्ग पर हुए भूस्खलन की जांच के लिए समिति का गठन किया

**श्रीनगर :** जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने रियासी जिले में त्रिकुटा पहाड़ियों पर स्थित वैष्णो देवी मंदिर जाने वाले तीर्थ मार्ग पर हाल ही में हुए भूस्खलन के कारणों की जांच के लिए तीन सदस्यीय समिति का गठन किया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। एक आधिकारिक आदेश में कहा गया है कि जल शक्ति विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव की अध्यक्षता वाली समिति दो सप्ताह के भीतर सिन्हा को अपनी रिपोर्ट सौंपेगी।

### स्पाइसजेट की उड़ान श्रीनगर हवाई अड्डे पर आपातस्थिति में उतरी

**श्रीनगर :** दिल्ली से शुक्रवार को यहां आ रही एक उड़ान ने श्रीनगर हवाई अड्डे पर आपात स्थिति में उतरने का अनुरोध किया और फिर वह सुरक्षित रूप से उतर गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि स्पाइसजेट की उड़ान संख्या एसजी 385 ने ''दबाव संबंधी समस्या के कारण आपात स्थिति की सूचना दी।'' अधिकारियों बताया कि विमान अपराह्न तीन बजकर 27 मिनट पर हवाई अड्डे पर सुरक्षित उतर गया। उन्होंने बताया कि यह विमान दिल्ली से श्रीनगर जा रहा था जिसमें चार बच्चों समेत 205 यात्री और चालक दल के सात सदस्य सवार थे। अधिकारियों ने कहा, ''यात्रियों या चालक दल द्वारा विमान में किसी भी प्रकार की चिकित्सा सहायता की मांग नहीं की गई।''

### मिजोरम में 165 करोड़ रुपये मूल्य की मेथामफेटामीन गोलियां जब्त, पांच गिरफ्तार

**आइजोल :** सुरक्षा बलों ने मिजोरम के विभिन्न हिस्सों से 165 करोड़ रुपये मूल्य की मेथामफेटामीन (एक प्रकार की नशीली दवा) गोलियां जब्त कीं और पांच लोगों को गिरफ्तार किया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) के साथ एक विशेष संयुक्त अभियान में सीमा पार मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ बड़ी सफलता हासिल की और सेरछिप जिले से 144 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की 9.6 लाख मेथामफेटामीन (याबा) गोलियां जब्त कीं। मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों के अनुसार एक गुप्त सूचना के आधार पर बल और एनसीबी अधिकारियों की टीम ने संयुक्त अभियान चलाया और बृहस्पतिवार को सेरछिप शहर के नजदीक एक पिकअप ट्रक को रोका। टीम ने वाहन से 144 करोड़ रुपये मूल्य की 9.6 लाख मेथामफेटामीन गोलियां बरामद कीं और प्रतिबंधित सामग्री रखने के आरोप में आइजोल के तीन निवासियों को गिरफ्तार किया।

## राजनीति तोड़ती है; धर्म जोड़ता है: शिवराज सिंह चौहान



**मैसुरु :** पीड़ित मानव मात्र की सेवा को ही भगवान की पूजा बताते हुए केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शुक्रवार को यहां कहा कि राजनीति तोड़ती है, लेकिन धर्म जोड़ता है और आज धर्म ने सभी को पीड़ित मानवता की सेवा के लिए जोड़ दिया हैं। कृषि मंत्री चौहान कर्नाटक में मैसूर में स्थित श्री सुत्तूर मठ में डॉ. शिवरात्रि राजेंद्र महास्वामीजी की 110वीं जन्म जयंती से जुड़े समारोह को संबोधित कर रहे थे। देशवासियों से स्वदेशी वस्तुओं के इस्तेमाल की अपील करते हुए चौहान ने कहा कि इससे देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर एक संकल्प हर देशवासी को लेना चाहिए कि हम दैनिक जीवन में उन्हीं वस्तुओं का उपयोग करेंगे, जो हमारे देश में बनी हों। ये जरूरी है, इससे हमारे देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। विश्वास है कि देशवासी इस दिशा में एक नया इतिहास रचेंगे।

## पाकिस्तान की जेल में बंद रहा उन्नाव का सूरज रिहाई के सवा साल बाद घर पहुंचा, मानसिक स्थिति ठीक नहीं



**उन्नाव (उप्र) :** पाकिस्तान की जेल से रिहाई के लगभग सवा साल बाद सूरज पाल बुधवार को उन्नाव जिले में अपने घर लौटा लेकिन उसकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं है। अधिकारियों और परिजनों ने शुक्रवार को इसकी पुष्टि की। परिजनों के अनुसार सूरज पाल (45) के करीब पांच वर्ष बाद घर लौटने के उपरांत परिजनों ने उससे कई सवाल किए, लेकिन वह किसी का सही उत्तर नहीं दे सका। स्थानीय प्रशासन के अधिकारी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। सूत्रों के मुताबिक, सदर कोतवाली क्षेत्र के अकरमपुर सुल्तानखेड़ा निवासी सूरज पाल 27 अक्टूबर 2020 को अचानक घर से लापता हो गया था जिसके बाद परिजनों ने उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई थी। पाल के चचेरे भाई रमेश ने बताया कि एक वर्ष बाद अक्टूबर 2021 में जम्मू-कश्मीर सीमा से सेना द्वारा फोन पर सूचना मिली थी कि दिसंबर 2020 में सूरज जम्मू-कश्मीर से पाक सीमा में पहुंच गया था, जिसे पाकिस्तान ने गिरफ्तार कर अपनी जेल में बंद कर दिया।

## दिल्ली में भारी बारिश: 15 साल में सबसे अधिक बारिश वाला अगस्त महीना



**नयी दिल्ली :** दिल्ली में शुक्रवार को भारी बारिश हुई जिससे प्रमुख मार्गों पर यातायात ठप हो गया, एक दीवार गिरने से तीन बच्चे घायल हो गए और शहर में जलभराव की समस्या को लेकर राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी में पिछले 15 वर्षों में यह सबसे अधिक बारिश वाला अगस्त दर्ज किया गया है, जहां अब तक 399.8 मिमी बारिश दर्ज की गई है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, वर्ष 2010 के बाद से यह सबसे अधिक बारिश वाला अगस्त है, जब शहर में 455.8 मिमी बारिश हुई थी। भारी बारिश के कारण राष्ट्रीय राजधानी में राजनीतिक घमासान छिड़ गया है। विपक्ष ने नागरिक मुद्दों को लेकर भाजपा के नेतृत्व वाली दिल्ली सरकार की आलोचना की और कहा कि उनकी 'घोर उपेक्षा' के कारण ही राजधानी जलमग्न हो रही है।

### 'रामसेतु' को राष्ट्रीय स्मारक घोषित करने संबंधी याचिका पर न्यायालय का केंद्र को नोटिस

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को राज्यसभा के पूर्व सदस्य सुब्रमण्यम स्वामी की उस याचिका पर केंद्र से जवाब मांगा, जिसमें उन्होंने 'रामसेतु' को राष्ट्रीय स्मारक घोषित करने के उनके अभ्यावेदन पर ''शीघ्रता से'' निर्णय लेने का सरकार को निर्देश दिए जाने का अनुरोध किया है।'रामसेतु' तमिलनाडु के दक्षिण-पूर्वी अपतटीय क्षेत्र स्थित पम्बन द्वीप और श्रीलंका के उत्तर-पश्चिमी अपतटीय क्षेत्र स्थित मन्नार द्वीप के बीच चूना पत्थर की एक लंबी श्रृंखला है। न्यायमूर्ति विक्रमनाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने स्वामी की याचिका पर सुनवाई के लिए सहमति व्यक्त की तथा केंद्र को नोटिस जारी किया।

## इसरो की नजर अगले चार दशकों में मंगल ग्रह पर उतरने और वहां आवास बनाने पर

**नयी दिल्ली :** भारत अगले चार दशकों में मंगल ग्रह पर 3डी-मुद्रित आवास स्थापित करने और लाल ग्रह पर मनुष्यों को उतारने के लिए पूर्ववर्ती मिशन शुरू करने की योजना बना रहा है। यह बात भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) द्वारा भविष्य के लिए तैयार किए गए रोडमैप में कही गई है। यह रोडमैप अंतरिक्ष एजेंसी द्वारा किए गए राष्ट्रव्यापी विचार-विमर्श का परिणाम है, जिसका समापन पिछले सप्ताहांत यहां राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस समारोह में हुआ। रोडमैप के अनुसार, भारत की योजना 2047 तक चंद्रमा पर एक 'क्रू स्टेशन' बनाने, खनिजों और अन्य संसाधनों के लिए खनन करने, चालक दल वाले चंद्र भू-भाग वाहनों को संचालित करने और प्रणोदक डिपो बनाने की है, जो अंतर-ग्रहीय अभियानों को ईंधन प्रदान कर सकें और पृथ्वी के एकमात्र प्राकृतिक उपग्रह पर अंतरिक्ष यात्रियों के प्रवास को सहायता प्रदान कर सकें। इसरो ने अपने प्रक्षेपण यानों को भी महत्वपूर्ण रूप से उन्नत करने की योजना बनाई है, जिसका लक्ष्य एक ही मिशन में 150 टन के 'पेलोड' को कक्षा में पहुँचाना होगा। वर्तमान में, इसरो का प्रक्षेपण यान जीएसएलवी मार्क-3 भू-समकालिक स्थानांतरण कक्षा में चार टन तक के 'पेलोड' को और पृथ्वी की निचली कक्षा में आठ टन तक के 'पेलोड' को ले जा सकता है। अंतरिक्ष एजेंसी वर्तमान में चंद्र मॉड्यूल प्रक्षेपण यान (एल.एम.एल.वी.) का विकास कर रही है, जिसकी क्षमता 80 टन 'पेलोड' को पृथ्वी की निचली कक्षा तक तथा 27 टन 'पेलोड' को चंद्रमा के पार कक्षा तक ले जाने की है।

## ऑपरेशन सिंदूर आतंकवाद के खिलाफ मानवता की जीत में एक स्वर्णिम अध्याय : राष्ट्रपति मुर्मू



**नयी दिल्ली :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने ''ऑपरेशन सिंदूर'' को आतंकवाद के खिलाफ मानवता की लड़ाई में एक ''स्वर्णिम अध्याय'' बताते हुए शुक्रवार को स्वदेशी आकाशतीर वायु रक्षा नियंत्रण एवं सूचना प्रणाली के निर्माण में सार्वजनिक उपक्रमों के योगदान पर प्रकाश डाला, जिसने भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य संघर्ष में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। मुर्मू ने यहां 'स्कोप एमिनेंस अवॉर्ड्स' समारोह को संबोधित करते हुए 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने में सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों ने राजस्व और लाभप्रदता सहित प्रमुख वित्तीय मापदंडों पर अच्छा प्रदर्शन किया है। राष्ट्रपति ने कहा कि तीन-चौथाई सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम लाभ कमा रहे हैं और पिछले दशक के दौरान सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों का शुद्ध लाभ काफी बढ़ गया है। सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों को विकास का उत्प्रेरक और समृद्धि का स्तंभ बताते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि उन्होंने सुशासन और पारदर्शिता के क्षेत्र में मानक स्थापित किए हैं। मुर्मू ने 'मेक इन इंडिया' अभियान में उनके योगदान का जिक्र करते हुए कहा, ''सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम आत्मनिर्भर भारत के निर्माण की दिशा में प्रभावशाली भूमिका निभा रहे हैं।'' देश के रक्षा क्षेत्र का विशेष उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर आतंकवाद के खिलाफ मानवता की जीत का एक स्वर्णिम अध्याय है।

### रेल मंत्री ने दिए नई दिल्ली स्टेशन पर होल्डिंग एरिया का काम जल्द पूरा करने के निर्देश

**नई दिल्ली :** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार को नई दिल्ली रेलवे स्टेशन का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने अजमेरी गेट की ओर बनाए जा रहे स्थायी ✻✻होल्डिंग एरिया✻✻ का निरीक्षण किया और अधिकारियों को निर्माण कार्य जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए।

त्योहारों के दौरान यात्रियों की भारी भीड़ को देखते हुए यह होल्डिंग एरिया बनाया जा रहा है। इसे तीन हिस्सों में बांटा गया है –

✻ प्री-टिकटिंग एरिया (1950 वर्ग मीटर)✻✻ – यहाँ लगभग 2700 यात्री बैठ सकेंगे।

✻ टिकटिंग एरिया (2288 वर्ग मीटर)✻✻ – इसमें 3100 यात्रियों की क्षमता होगी।

✻ टिकट-पश्चात क्षेत्र (1570 वर्ग मीटर)✻✻ – इसमें करीब 1350 यात्री बैठ सकेंगे।

यात्रियों की सुविधा के लिए इस क्षेत्र में 22 टिकट काउंटर, 2 शौचालय ब्लॉक, जन संबोधन प्रणाली, सूचना के लिए डिस्प्ले बोर्ड, एआई आधारित निगरानी कैमरे, सामान स्कैनर, साइनेज और मेट्रो से कनेक्टिविटी जैसी सुविधाएँ होंगी।

निर्माण कार्य के दौरान एटीएम, हाईमास्ट, मोबाइल टावर, टैक्सी स्टैंड और दिल्ली पुलिस केबिन को स्थानांतरित करने जैसे कई चुनौतीपूर्ण कार्य भी किए जा रहे हैं।

## लिलुआ में अरबिंदो पार्क का उद्घाटन, वृक्षारोपण अभियान से पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा



**कोलकाता :** पूर्व रेलवे महिला कल्याण संगठन (ईआरडब्ल्यूडब्ल्यूओ) की अध्यक्षा सीमा देऊस्कर ने लिलुआ स्थित सवारी एवं माल डिब्बा कारखाना में 'अरबिंदो पार्क' का उद्घाटन किया और एक व्यापक वृक्षारोपण अभियान का नेतृत्व किया। इस अवसर पर ईआरडब्ल्यूडब्ल्यूओ के कार्यकारी सदस्य और लिलुआ के 560 से अधिक महिला कर्मचारी शामिल हुए। अरबिंदो पार्क का नाम महान दार्शनिक और शिक्षाविद अरविंदो के सम्मान में रखा गया है। उद्घाटन के बाद पार्क में 220 पौधे लगाए गए, जबकि रेलवे कॉलोनी में 500 से अधिक पौधे रोपित किए गए। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों ने पर्यावरण संरक्षण के प्रतीक के रूप में मानव सह वृक्षारोपण श्रृंखला का प्रदर्शन भी किया। श्रीमती देऊस्कर ने महिला कर्मचारियों से बातचीत की और हरियाली बनाए रखने में उनके योगदान की सराहना की। इस अवसर पर फ्लोरेंस डे स्कूल में नए शौचालय, रसोई क्षेत्र, चेंजिंग रूम, पुनर्निर्मित कक्षाएं और सीसीटीवी निगरानी की सुविधाओं का भी निरीक्षण किया गया। इसके बाद उन्होंने लिलुआ श्रमिक कैंटीन का दौरा किया, जहां आधुनिक रसोई उपकरणों और बेहतर भोजन सुविधाओं का अवलोकन किया। उन्होंने कर्मचारियों के साथ दोपहर का भोजन किया और कर्मचारियों के लिए सुविधाओं में सुधार के प्रयासों की प्रशंसा की। अंत में, उन्होंने पुनर्निर्मित कबीर पार्क का दौरा किया, जहां तुलसी और आम की विभिन्न प्रजातियों के रोपण तथा सांस्कृतिक चित्रकारी देखी। श्रीमती देऊस्कर ने पर्यावरण संरक्षण और समग्र विकास के प्रयासों की निरंतरता पर संतोष व्यक्त किया।


## आसनसोल मंडल के तहत नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य के लिए ट्रेनों की नियंत्रण व्यवस्था

आसनसोल मंडल के तहत बर्द्धमान-आसनसोल शाखा के दुर्गापुर में, दिनांक **06.10.2025 से 01.11.2025 तक 27 दिनों** के लिए **प्रारंभिक कार्य**, दिनांक **02.11.2025 से 09.11.2025 तक 08 दिनों** के लिए **प्री-प्री नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य**, दिनांक **10.11.2025 से 19.11.2025 तक 10 दिनों** के लिए **प्री नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य** और दिनांक **20.11.2025 से 23.11.2025 तक 04 दिनों** के लिए **नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य** के कारण, निम्नलिखित ट्रेनों को निम्नानुसार नियंत्रित किया जाएगा।

● **निरस्तीकरण:** (1) **12175** हावड़ा - ग्वालियर चंबल एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक 23/11/2025); (2) **12176** ग्वालियर-हावड़ा चंबल एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक 22/11/2025); (3) **12177** हावड़ा - मथुरा चंबल एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक 20/11/2025); (4) **20976** आगरा कैंट.- हावड़ा चंबल एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक 20/1/2025); (5) **12325** कोलकाता - नंगल डैम गुरुमुखी एसएफ एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक 20/11/2025); (6) **12326** नंगल डैम - कोलकाता गुरुमुखी एसएफ एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक 22/11/2025); (7) **12329** सियालदह-आनंद विहार संपर्क क्रांति एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक 18/11/2025); (8) **12330** आनंद विहार-सियालदह संपर्क क्रांति एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक 19/11/2025); (9) **12333** हावड़ा - प्रयागराज रामबाग विभूति एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक 19, 20, 21 और 22/11/2025); (10) **12334** प्रयागराज रामबाग - हावड़ा विभूति एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक 20, 21, 22 और 23/11/2025); (11) **12339** हावड़ा - धनबाद कोलफील्ड एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक 23/11/2025); (12) **12340** धनबाद - हावड़ा कोलफील्ड एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक 24/11/2025); (13) **12357** कोलकाता - अमृतसर दुर्गियाना एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक 18/11/2025); (14) **12358** अमृतसर - कोलकाता दुर्गियाना एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक 20/11/2025); (15) **12359** कोलकाता - पटना गरीब रथ एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक 20 और 22/11/2025); (16) **12360** पटना - कोलकाता गरीब रथ एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक 21 और 23/11/2025); (17) **13025** हावड़ा - भोपाल साप्ताहिक एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक 17/11/2025); (18) **13026** भोपाल - हावड़ा साप्ताहिक एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक 19/11/2025); (19) **13043** हावड़ा - रक्सौल एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक 20/11/2025); (20) **13044** रक्सौल - हावड़ा एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक 22/11/2025); (21) **13167** कोलकाता - आगरा कैंट. एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक 20/11/2025); (22) **13168** आगरा कैंट. - कोलकाता एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक 22/11/2025); (23) **15233** कोलकाता-दरभंगा मैथिली एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक 20/11/2025); (24) **15234** दरभंगा-कोलकाता मैथिली एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक 19/11/2025; (25) **15235** हावड़ा - दरभंगा साप्ताहिक एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक 22/11/2025); (26) **15236** दरभंगा - हावड़ा साप्ताहिक एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक 20/11/2025); (27) **22387** हावड़ा - धनबाद ब्लैक डायमंड एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक 23 और 24/11/2025); (28) **22388** धनबाद-हावड़ा ब्लैक डायमंड एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक 22 एवं 23/11/2025); (29) **22912** हावड़ा - इंदौर शिप्रा एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक 20 और 22/11/2025); (30) **22911** इंदौर-हावड़ा शिप्रा एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक 18 एवं 20/11/2025); (31) **12383** सियालदह - आसनसोल एसएफ इंटरसिटी एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक 20, 21 और 22/11/2025); (32) **12384** आसनसोल - सियालदह एसएफ इंटरसिटी एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक 20, 21 और 22/11/2025); (33) **13179** सियालदह - सिउड़ी एमईएमयू एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक 20, 21, 22 और 23/11/2025); (34) **13180** सिउड़ी - सियालदह एमईएमयू एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक 21, 22, 23 और 24/11/2025); (35) **22321** हावड़ा - सिउड़ी हूल एक्सप्रेस यात्रा शुरू दिनांक 20, 21, 22 और 23/11/2025); (36) **22322** सिउड़ी - हावड़ा हूल एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक 20, 21, 22 और 23/11/2025); (37) **12353** हावड़ा - लाल कुआं साप्ताहिक एसएफ एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक 31/10 और 14/11/2025); (38) **12354** लाल कुआं - हावड़ा साप्ताहिक एसएफ एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक 02 और 16/11/2025); (39) **63505** बर्द्धमान - आसनसोल एमईएमयू (यात्रा शुरू दिनांक 03, 04, 05, 14 और 15/11/2025); (40) **63507** बर्द्धमान - आसनसोल एमईएमयू (यात्रा शुरू दिनांक 03, 04, 14, 20, 21, 22 और 23/11/2025); (41) **63511** बर्द्धमान - आसनसोल एमईएमयू (यात्रा शुरू दिनांक 03 और 04/11/2025); (42) **63513** बर्द्धमान - आसनसोल एमईएमयू (यात्रा शुरू दिनांक 12, 20, 21, 22 और 23/11/2025); (43) **63515** बर्द्धमान - आसनसोल एमईएमयू (यात्रा शुरू दिनांक 12/10, 12, 20, 21, 22 और 23/11/2025); (44) **63517** बर्द्धमान - आसनसोल एमईएमयू (यात्रा शुरू दिनांक 12/10, 02 और 12/11/2025); (45) **63521** बर्द्धमान - आसनसोल एमईएमयू (यात्रा शुरू दिनांक 20, 21, 22 और 23/11/2025); (46) **63523** बर्द्धमान - आसनसोल एमईएमयू (यात्रा शुरू दिनांक 02, 20, 21, 22 और 23/11/2025); (47) **63527** दुर्गापुर - आसनसोल एमईएमयू (यात्रा शुरू दिनांक 02, 13, 14, 15, 16, 17, 18, 19, 20, 21, 22 और 23/11/2025); (48) **63549** बर्द्धमान - आसनसोल एमईएमयू (यात्रा शुरू दिनांक 12/10, 02, 12, 15, 20, 21, 22 और 23/11/2025); (49) **63508** आसनसोल - बर्द्धमान एमईएमयू (यात्रा शुरू दिनांक 03, 04, 14, 20, 21, 22 और 23/11/2025); (50) **63512** आसनसोल - बर्द्धमान एमईएमयू (यात्रा शुरू दिनांक 03, 04, 05, 14, 15, 20, 21, 22 और 23/11/2025); (51) **63516** आसनसोल - बर्द्धमान एमईएमयू (यात्रा शुरू दिनांक 20, 21, 22 और 23/11/2025); (52) **63518** आसनसोल - बर्द्धमान एमईएमयू (यात्रा शुरू दिनांक 12/10, 12, 20, 21, 22 और 23/11/2025); (53) **63522** आसनसोल - बर्द्धमान एमईएमयू (यात्रा शुरू दिनांक 02, 12, 13 और 16/11/2025); (54) **63524** आसनसोल - बर्द्धमान एमईएमयू (यात्रा शुरू दिनांक 02, 12, 13, 16, 20, 21, 22 और 23/11/2025); (55) **63528** आसनसोल - दुर्गापुर एमईएमयू (यात्रा शुरू दिनांक 02, 13, 14, 15, 16, 17, 18, 19, 20, 21, 22 और 23/11/2025); (56) **63550** अंडाल - बर्द्धमान एमईएमयू (यात्रा शुरू दिनांक 12/10, 02, 12, 16, 20, 21, 22 और 23/11/2025); (57) **63552** बर्द्धमान-अंडाल एमईएमयू (यात्रा शुरू दिनांक 12/10, 02, 12, 16, 20, 21, 22 और 23/11/2025);

● **मार्ग परिवर्तन:** ◆ **13029** हावड़ा - मोकामा एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक 02, 03, 13, 14, 19, 20, 21 और 22/11/2025) खाना-आसनसोल-जसीडीह के बदले खाना - रामपुरहाट - दुमका - जसीडीह होकर मार्ग परिवर्तित करेगी; ◆ **13030** मोकामा-हावड़ा एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक 20, 21, 22 और 23/11/2025) जसीडीह-आसनसोल-खाना के बदले जसीडीह-दुमका-रामपुरहाट-खाना होकर मार्ग परिवर्तित करेगी; ◆ **13045** हावड़ा - देवघर मयूराक्षी एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक 20, 21, 22 और 23/11/2025) खाना-अंडाल-सांइथिया के बदले खाना - बोलपुर शांतिनिकेतन - सांइथिया होकर मार्ग परिवर्तित करेगी; ◆ **13046** देवघर - हावड़ा मयूराक्षी एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक 03, 20, 21, 22 और 23/11/2025) सांइथिया-अंडाल-खाना के बदले सांइथिया - बोलपुर शांतिनिकेतन - खाना होकर मार्ग परिवर्तित करेगी; ◆ **22322** सिउड़ी - हावड़ा हूल एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक 02, 12 और 16/11/2025) सिउड़ी-अंडाल-खाना के बदले सिउड़ी - सांइथिया - बोलपुर शांतिनिकेतन - खाना होकर मार्ग परिवर्तित करेगी; ◆ **22197** कोलकाता-वीरांगना लक्ष्मीबाई प्रथमस्वतंत्रता संग्राम एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक: 23/11/2025) खाना-आसनसोल-जसीडीह के बदले खाना-रामपुरहाट-दुमका-जसीडीह होकर मार्ग परिवर्तित करेगी; ◆ **22198** वीरांगना लक्ष्मीबाई-कोलकाता प्रथम स्वतंत्रता संग्राम एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक 21/11/2025) जसीडीह-आसनसोल-खाना के बदले जसीडीह-दुमका-रामपुरहाट-खाना होकर मार्ग परिवर्तित करेगी। ◆ **12551** एसएमवीटी बेंगलुरु - कामाख्या एसी एसएफ एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक 01, 08, 15 और 22/11/2025), **13417** दीघा - मालदा टाउन एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक 06, 13 और 20/11/2025), **13426** सूरत - मालदा टाउन एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक 03, 10 और 17/11/2025), **15629** तांबरम - सिलघाट टाउन नागांव एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक 03, 10 और 17/11/2025), **15639** पुरी - कामाख्या एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक 04, 11 और 18/11/2025), **15661** रांची - कामाख्या एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक 05, 12 और 19/11/2025), **15929** तांबरम - न्यू तिनसुकिया एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक 06, 13 और 20/11/2025) और **22611** डॉ. एमजीआर चेन्नई सेंट्रल - न्यू जलपाईगुड़ी साप्ताहिक सुपरफास्ट एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक 05, 12 और 19/11/2025) आसनसोल - अंडाल - दुर्गापुर - अंडाल - सांइथिया के बदले आसनसोल - अंडाल - सांइथिया होकर मार्ग परिवर्तित करेंगी। ◆ **12552** कामाख्या - एसएमवीटी बेंगलुरु एसी एसएफ एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक 05, 12 और 19/11/2025), **13418** मालदा टाउन - दीघा एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक 06, 13 और 20/11/2025), **13425** मालदा टाउन - सूरत एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक 08, 15 और 22/11/2025), **15630** सिलघाट टाउन - तांबरम नागांव एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक 07, 14 और 21/11/2025), **15640** कामाख्या - पुरी एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक 02, 09 और 16/11/2025), **15662** कामाख्या - रांची एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक 04, 11 और 18/11/2025), **15930** न्यू तिनसुकिया - तांबरम एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक 03, 10 और 17/11/2025) और **22612** न्यू जलपाईगुड़ी - डॉ. एमजीआर चेन्नई सेंट्रल साप्ताहिक सुपरफास्ट एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक 07, 14 और 21/11/2025) सांइथिया-अंडाल-दुर्गापुर-अंडाल-आसनसोल के बदले सांइथिया -अंडाल-आसनसोल होकर मार्ग परिवर्तित करेंगी।

● **संक्षिप्त यात्रा समाप्त/संक्षिप्त यात्रा शुरू:** ◆ **13503** बर्द्धमान - हटिया एमईएमयू एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक 03, 04, 14, 17, 20, 21, 22, 23 और 24/11/2025), **63509** बर्द्धमान-झाझा एमईएमयू (यात्रा शुरू दिनांक 03, 04, 14, 15, 17, 20, 21, 22 और 23/11/2025) और **63519** बर्द्धमान-बोकारो स्टील सिटी एमईएमयू (यात्रा शुरू दिनांक 12, 20, 21, 22 और 23/11/2025) आसनसोल से संक्षिप्त यात्रा शुरू करेगी और बर्द्धमान एवं आसनसोल के बीच सेवा रद्द रहेगी। ◆ **13504** हटिया - बर्द्धमान एमईएमयू एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक 02, 03, 13, 16, 19, 20, 21, 22 और 23/11/2025), **63510** झाझा - बर्द्धमान एमईएमयू (यात्रा शुरू दिनांक 02, 03, 13, 14, 16, 20, 21, 22 और 23/11/2025) और **63520** बोकारो स्टील सिटी - बर्द्धमान एमईएमयू (यात्रा शुरू दिनांक 12, 20, 21, 22 और 23/11/2025) आसनसोल में संक्षिप्त यात्रा समाप्त करेगी और आसनसोल एवं बर्द्धमान के बीच सेवा रद्द रहेगी।

● **पुनर्निर्धारण:** (1) **12023** हावड़ा - पटना जन शताब्दी एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक 06, 07, 08, 09, 10, 11, 13, 17 और 18/10/2025) को 1 घंटा 10 मिनट के लिए पुनर्निर्धारित किया जाएगा। (2) **13105** सियालदह - बलिया एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक 06, 07, 08, 09, 10, 11, 13, 17 और 18/10/2025) को 40 मिनट के लिए पुनर्निर्धारित किया जाएगा। (3) **12019** हावड़ा - रांची शताब्दी एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक 03 और 04/11/2025) को 2 घंटे के लिए पुनर्निर्धारित किया जाएगा और **12019** हावड़ा - रांची शताब्दी एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक 14/11/2025) को 1 घंटा 30 मिनट के लिए पुनर्निर्धारित किया जाएगा। (4) **12020** रांची - हावड़ा शताब्दी एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक 03 और 04/11/2025) को 2 घंटे के लिए पुनर्निर्धारित किया जाएगा और **12020** रांची - हावड़ा शताब्दी एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक 13/11/2025) को 2 घंटे 15 मिनट के लिए पुनर्निर्धारित किया जाएगा। (5) **12304** नई दिल्ली - हावड़ा पूर्वा एक्सप्रेस (पटना होकर) (यात्रा शुरू दिनांक 11/10/2025) को 30 मिनट के लिए पुनर्निर्धारित किया जाएगा। (6) **11447** जबलपुर-हावड़ा शक्तिपुंज एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक 01/11/2025) को 02 घंटे के लिए पुनर्निर्धारित किया जाएगा, **11447** जबलपुर-हावड़ा शक्तिपुंज एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक 12 और 15/11/2025) को 1 घंटा 40 मिनट के लिए पुनर्निर्धारित किया जाएगा और **11447** जबलपुर-हावड़ा शक्तिपुंज एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक 22/11/2025) को 40 मिनट के लिए पुनर्निर्धारित किया जाएगा। (7) **22303** हावड़ा - गया वंदे भारत एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक 03, 04 और 14/11/2025) को 01 घंटा 20 मिनट के लिए पुनर्निर्धारित किया जाएगा। (8) **22304** गया - हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक 02/11/2025) को 02 घंटे 30 मिनट के लिए पुनर्निर्धारित किया जाएगा, **22304** गया - हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक 03, 04 और 23/11/2025) को 01 घंटा 20 मिनट के लिए पुनर्निर्धारित किया जाएगा और **22304** गया - हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक 16/11/2025) को 2 घंटे 15 मिनट के लिए पुनर्निर्धारित किया जाएगा। (9) **22321** हावड़ा - सिउड़ी हूल एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक 03, 04 और 14/11/2025) को 01 घंटे के लिए पुनर्निर्धारित किया जाएगा। (10) **22387** हावड़ा - धनबाद ब्लैक डायमंड एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक 03 और 04/11/2025) को 01 घंटा 15 मिनट के लिए पुनर्निर्धारित किया जाएगा और **22387** हावड़ा - धनबाद ब्लैक डायमंड एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक 14/11/2025) को 45 मिनट के लिए पुनर्निर्धारित किया जाएगा। (11) **22388** धनबाद - हावड़ा ब्लैक डायमंड एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक 02, 13 और 16/11/2025) को 03 घंटे 30 मिनट के लिए पुनर्निर्धारित किया जाएगा। (12) **12259** सियालदह - बीकानेर एसी दुरंतो एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक 23/11/2025) को 01 घंटा 20 मिनट के लिए पुनर्निर्धारित किया जाएगा। (13) **12313** सियालदह-नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक 23/11/2025) को 01 घंटा 20 मिनट के लिए पुनर्निर्धारित किया जाएगा। (14) **63507** बर्द्धमान-आसनसोल एमईएमयू (यात्रा शुरू दिनांक 18/11/2025) को 01 घंटे के लिए पुनर्निर्धारित किया जाएगा। यात्रियों से अनुरोध है कि वे स्टेशनों की जनसंबोधन प्रणाली का पालन करें। असुविधा के लिए खेद है।

**मंडल रेल प्रबंधक, आसनसोल**

पूर्व रेलवे

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


वर्ष 10, पूर्णांक 3342 अंक 152, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **सरोज राय** द्वारा 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- **अनिल कुमार राय** (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in

जय भिक्षु अर्हम् जय महाश्रमण

# निष्काम कर्मयोगी को नमन...



9-8- 1931 19-8-2025

## 'शासन सेवी' स्व. बुद्धमल जी दुगड़

(सुपुत्र : स्व. भंवरलाल जी दुगड़)

(रतनगढ़-कोलकाता)

पुरुषार्थ एवं कर्मठता के कर्मयोगी, सहृदय स्नेही, परोपकार को समर्पित विलक्षण व्यक्तित्व, सत्यनिष्ठा, ईमानदारी, नैतिक मूल्यों एवं सिद्धांतों के आदर्श, अनेक संस्थाओं के प्रेरणा स्रोत, "शिष्ट-विशिष्ट एवं कल्याण मित्र" दुगड़ परिवार के पुरोधा "शासन सेवी" श्री बुद्धमल जी दुगड़ का देहावसान तेरापंथ शासन और सम्पूर्ण समाज के लिए अपूरणीय क्षति है।

आपकी सहजता, सरलता, विनम्रता, सौम्य स्वभाव , उदारता , करुणा और नैतिक मूल्य युक्त अनुपम व्यक्तित्व भावी पीढ़ियों के लिये सदैव अनुकरणीय एवं प्रेरणादायी रहेगा।

तेरापंथ का श्रावक समाज अत्यंत श्रद्धा भाव से आप द्वारा प्रदत्त निःस्वार्थ सात्विक सेवाओं एवम् उदार योगदान का सादर स्मरण करते हुए दिवंगत आत्मा को विनम्र श्रद्धांजलि समर्पित करता है तथा आत्मा के उतरोत्तर आध्यात्मिक आरोहण की मंगलकामना करता है।

आपके सुपुत्र श्री सुरेंद्र कुमार जी ,श्री तुलसी कुमार जी व श्री कमल कुमार जी और समस्त दुगड़ परिवार के प्रति हार्दिक संवेदना। ईश्वर पूरे दुगड़ परिवार को इस वज्राघात को सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

## भावपूर्ण श्रद्धांजलि

-:: श्रद्धावनत ::-

### जैन श्वेताम्बर तेरापंथी महासभा

जैन विश्व भारती
अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल
जय तुलसी फाउंडेशन
जैन विश्व भारती इंस्टिट्यूट
जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन (JITO)
आचार्य तुलसी शांति प्रतिष्ठान

अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद
तेरापंथ प्रोफेशनल फोरम
अमृतवाणी
अणुव्रत विश्व भारती
आचार्य श्री भिक्षु समाधि स्थल संस्थान
आचार्य महाप्रज्ञ महाश्रमण एजुकेशन एंड रिसर्च फाउंडेशन

एवम संपूर्ण तेरापंथ श्रावक समाज